सुविचार

प्रार्थना तभी सफल होती है, जब भरोसा पक्का होता है और प्रयास तभी सफल होते हैं जब मेहनत और लगन सच्ची होती है।

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi




अपने घर में ये देसी चीजें रखती हैं प्रियंका

08

Ranchi ● Monday, 01 May 2023 ● Year : 01 ● Issue : 105 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com | E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 61,112.44 |
| निफ्टी | : | 18,065.00 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,730 |
| चांदी | : | 80.04 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

### अवकाश की सूचना

**विश्व श्रमिक दिवस** के अवसर पर द फोटोन न्यूज कार्यालय में 01 मई को अवकाश रहेगा। अखबार का अगला अंक 03 मई को उपलब्ध होगा। इस दौरान अपने शहर, झारखंड और देश-दुनिया की खबरों से खुद को अपडेट रखने के लिए... **www.thephotonnews.com** पर जाएं।

# 'मन की बात' का 100वां EPISODE प्रसारित, PM MODI ने कहा- सकारात्मकता व जनभागीदारी को दिया उत्सव का रूप

**AGENCY NEW DELHI**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का रविवार को 100वां एपिसोड प्रसारित हुआ। कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने देशवासियों की भावनाओं और अभिव्यक्ति का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने कहा कि मन की बात ने इनकी सकारात्मकता और जनभागीदारी को उत्सव का रूप दिया है। 3 अक्टूबर 2014 को विजयादशमी के दिन मन की बात की यात्रा शुरू हुई थी। इसके बाद धीरे-धीरे मन की बात देशवासियों की अच्छाई और सकारात्मकता को मनाने का एक अनोखा पर्व बन गया। मन की बात में उठाए गए विषयों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसमें उठाया गया हर मुद्दा जनआंदोलन बन गया। इन विषयों में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत, खादी के प्रति प्रेम, प्रकृति की बात, अमृत महोत्सव और अमृत सरोवर शामिल रहे।

शेष पेज 02 पर

## राजभवन में हुआ सीधा प्रसारण, 100 से अधिक प्रमुख हस्तियां हुईं शामिल

### 'मन की बात' अहं से वयं की यात्रा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेमन की बात के 100वें एपीसोड में कहा कि यह कार्यक्रम उनके लिए स्व से समष्टि और अहं से वयं की यात्रा है। मन की बात उनके लिए आध्यात्मिक यात्रा बन गई है। इस दौरान उन्होंने अपने मार्गदर्शक लक्ष्मणराव इनामदार को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात दूसरों के गुणों से सीखने का एक माध्यम बन गया है। वकील साहब (लक्ष्मणराव जी) हमेशा कहते थे कि हमें दूसरों दूसरों के गुणों की पूजा करनी चाहिए। वे कहते थे कि अपने विरोधी के भी अच्छे गुणों को जानना, सीखना और प्रयास करना चाहिए। यह उनके लिए हमेशा प्रेरणादायक रही है। प्रधानमंत्री ने मन की बात के 100वें एपीसोड के प्रसारण के बाद एक ट्वीट में कहा, मैं भारत और दुनिया भर के लोगों को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मन की बात के 100वें एपीसोड को सुना। वास्तव में मैं इस उत्साह से गद-गद हूं। मैं उन सभी से आग्रह करता हूं जिन्होंने कार्यक्रम को सुना है कि वे उन विशेष पलों की तस्वीरें साझा करें। आप नमो ऐप पर या इस लिंक के माध्यम से ऐसा कर सकते हैं। कुल मिलाकर देश-दुनिया में 4 लाख से अधिक स्थानों पर समारोहपूर्वक मन की बात को सुना गया।

### अब हम विश्व की एक बड़ी ताकत अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ हुई : गवर्नर

**PHOTON NEWS RANCHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात रेडियो कार्यक्रम के ऐतिहासिक 100वें एपिसोड का प्रसारण रविवार झारखंड राजभवन के दरबार हॉल में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभागों ऑल इंडिया रेडियो, दूरदर्शन, पीआईबी तथा केंद्रीय संचार ब्यूरो ने कार्यक्रम की विशेष स्क्रीनिंग की। विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा, अध्यात्म, खेल, कला जगत आदि से राज्य की 100 से अधिक प्रमुख हस्तियों ने भी राज्यपाल के साथ मन की बात के इस विशेष प्रसारण को सुना। मन की बात के प्रसारण के बाद राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री को सुनकर बहुत ही हर्ष का अनुभव हुआ। यह भाषण हमें समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को और बेहतर ढंग से निभाने के लिए प्रेरित करने वाला था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने पिछले नौ वर्षों में हर क्षेत्र में नए आयाम हासिल किए हैं। अब हम विश्व की एक बड़ी ताकत हैं और हमारी अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ हुई है। विशिष्ट अतिथियों में झारखंड के पद्मश्री से सम्मानित लोग, खेल जगत, सामाजिक सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आदिवासी मामलों के जानकार शामिल हुए। इनके अलावा झारखंड के चुनिंदा लोगों जैसे सपन पत्रलेख, जमुना टुडू, गणेश साहू आदि व्यक्तियों, जिनका अपने क्षेत्रों में सामाजिक योगदान के लिए पीएम की मन की बात के विभिन्न प्रसारणों में जिक्र किया गया है, वे भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्हें राज्यपाल से संवाद करने का मौका भी मिला। इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय एवं सीबीसी रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ, शॉल और स्मृति चिह्न देकर उनका स्वागत किया।

## BRIEF NEWS

### जम्मू-कश्मीर में भूकंप से हिली धरती

**JAMMU :** जम्मू-कश्मीर में रविवार सुबह एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.1 मापी गई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप के झटके सुबह करीब 5.15 मिनट पर महसूस किए गए। उधर, भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप से फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।

### महाराष्ट्र की जेलों से कोरोनाकाल में रिहा किये गए 406 बंदी फरार

**PUNE :** महाराष्ट्र की जेलों से कोरोनाकाल में आपात अवकाश एवं पैरोल पर रिहा किए गए 406 बंदी अब सरकार के लिए मुसीबत बन गए हैं, क्योंकि कई चेतावनियों के बावजूद इन्होंने सरेंडर नहीं किया है। यह सभी शातिर बदमाश, माफिया, हत्या के आरोपित, आजीवन कारावास एवं सात वर्ष की सजा वाले कैदी हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। लापता 350 फरार कैदियों के खिलाफ मामले दर्ज किए जा चुके हैं। दरअसल, कोरोना काल के दौरान संक्रमण से बचाने तथा संक्रमण कम होने के पश्चात वापस जेल लौटने के आदेश के साथ 4 हजार 200 से अधिक कैदियों को आपातकालीन पैरोल पर रिहा किया गया था। इनमें से अब तक 406 कैदी जेलों में वापस नहीं पहुंचे हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए राज्य की पुलिस ने एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है। सरकार की भी मंशा है कि विधानसभा चुनाव से पहले यह सभी शातिर अपराधी एवं बदमाश जेलों में पहुंच जाए।

### सुरक्षाबलों ने नक्सलियों का कैंप ध्वस्त किया

**CHAIBASA :** चाईबासा में रविवार को सुरक्षाबलों ने जिले के अति नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबिया गांव के समीप नक्सलियों के कैंप को ध्वस्त कर दिया। हालांकि, इस कैंप से कोई सामग्री मिलने की सूचना नहीं है। फिलहाल, नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन जारी है। इस अभियान में चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ 60, 197, 157, 174, 193, 07 और सीआरपीएफ 26 बटालियन की टीम ने ऑपरेशन चलाया और अंबिया गांव के समीप जंगल में नक्सलियों का कैंप मिला, जिसे सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया। भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है।

# PUNJAB के लुधियाना में GAS रिसाव से 11 लोगों की मौत, चार की हालत गंभीर

## डॉक्टर बोले- दिमाग में जहर पहुंचने की वजह से हुई मौत, फेफड़ों पर इसका कोई असर नहीं

**AGENCY CHANDIGARH :** पंजाब में लुधियाना के ग्यासपुरा में रविवार सुबह गैस लीक होने से 11 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पांच महिलाएं, चार पुरुष तथा दो बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा 15 लोगों को शहर के विभिन्न अस्पतालों में दाखिल करवाया गया है, जिनमें चार की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे का शिकार हुए सभी लोग मूल रूप से उत्तर प्रदेश व बिहार के रहने वाले थे, लेकिन अब लंबे समय से लुधियाना में ही बसे हुए थे। मृतकों की बॉडी की जांच करने वाले डॉक्टर ने बताया कि दिमाग में जहर पहुंचने की वजह से मौतें हुईं। डेड बॉडीज के फेफड़ों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। अब तक हुई जांच में सामने आया है कि सीवर में केमिकल डाला गया था, जिसके चलते जहरीली गैस बन गई। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस, फायर ब्रिगेड तथा एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।



पंजाब में लुधियाना के ग्यासपुरा में गैस रिसाव के बाद घटनास्थल पहुंचकर जांच करती स्पेशल टीम ● एजेंसी



"लुधियाना में हुए हादसे में बच्चों और महिलाओं समेत कई लोगों की मृत्यु के समाचार से मुझे अत्यंत दुख हुआ है। सभी शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मैं गहन शोक-संवेदनाएं व्यक्त करती हूं तथा प्रभावित हुए सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

### मृतकों में ये हैं शामिल

मृतकों में सौरव गोयल (35), प्रीति (31), कमलेश गोयल (60), डॉ. कविलाश (40), वर्षा (35), कल्पना (16), अभय नारायण (13), और आर्यन नारायण (10), नवनीत कुमार (39), व नीतू देवी (39) के अलावा एक और पुरुष है, जिसकी पहचान नहीं हो पाई। इसके अलावा गौरव गोयल (50) और नीतिन (40) का इलाज सिविल अस्पताल और राजेश कुमार (28) व रुबी देवी (29) का इलाज ओसवाल अस्पताल में चल रहा है। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डाक्टर बलवीर सिंह ने घटनास्थल का दौरा

### आश्रितों को मिलेगा दो-दो लाख मुआवजा

पंजाब सरकार ने लुधियाना गैस रिसाव की घटना में मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये तथा उपचाराधीन लोगों के परिजनों को पचास-पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। इस बीच पुलिस ने ड्रोन सर्वे कराने के साथ घटना की जांच शुरू कर दी है। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डाक्टर बलवीर सिंह ने घटनास्थल का दौरा करके हालात का जायजा भी लिया। लुधियाना के पुलिस आयुक्त मनदीप सिंह सिद्धू के अनुसार पूरे क्षेत्र को खाली करवाया गया। ड्रोन की मदद से आसपास के इलाकों में सर्च अभियान चलाया गया है। सिद्धू ने बताया कि पुलिस अलग-अलग पहलुओं को आधार बनाकर जांच कर रही है। जिस जगह गैस रिसाव से लोगों की मौत हुई, उसके पास से सीवर लाइन गुजर रही है। ऐसे में आशंका है कि गैस यहीं से लीक हुई। यह भी आशंका है कि सीवर लाइन में केमिकल रिएक्शन हआ हो। हो सकता है कि किसी ने जहरीला केमिकल फेंका हो। इसके रिएक्शन के चलते ऐसी जहरीली गैस बनी, जिसने लोगों की जान ले ली। इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि किसी ने इंडस्ट्रियल वेस्ट को मिटाने के लिए केमिकल को सीवर में डाला हो जिसके बाद गैस रिसाव हुआ हो।

### दो परिवारों पर पहाड़ बनकर टूटा गैस रिसाव हादसा

जानकारी के अनुसार लुधियाना के ग्यासपुरा इलाके में रविवार की सुबह करीब सवा सात बजे मिल्क बूथ के बाहर लोग रोज की तरह दूध लेने के लिए एकत्र हुए। इसी दौरान एक गटर से धुआं उठने लगा और वहां मौजूद लोग बेहोश होकर गिरने शुरू हो गए, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही पलों में गैस हवा में मिल गई और पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। गैस लीक होने से मरने वालों में दो परिवारों के लोग शामिल हैं। जिस घर के आगे यह हादसा हुआ उस घर में एक डाक्टर का परिवार रहता था। हादसे के समय यह परिवार नींद में था। उन्हें नहीं मालूम था कि वह आज की सुबह नहीं देख पाएंगे। जिस गटर से गैस लीक हुई है, वह ग्यासपुरा में डाक्टर के घर के आगे था। हादसे के समय अचानक से अफरा-तफरी मचने पर लोग खुद के बचाव में यहां-वहां भागने लगे। किसी ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया कि जिस घर के बाहर बने गटर से गैस लीक हुई है, वहां रह रहे लोगों को भी बचा लिया जाए। करीब दो घंटे बाद जब पुलिस व एनडीआरएफ की टीमें वहां पहुंची, तब पता चला कि गैस रिसाव से पूरा परिवार खत्म हो गया है।

## स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रिया की शुरू

# HEMANT SOREN दो मई को राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का करेंगे उद्घाटन

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दो मई को राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम की रूप रेखा तय हो चुकी है। उद्घाटन कार्यक्रम ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय धुर्वा रांची में होगा। इसके साथ इन स्कूल ऑफ एक्सिलैंस में पढ़ाई शुरू हो जाएगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इन स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हजारीबाग सहित अन्य जिलों के स्कूलों में एडमिशन का विज्ञापन जारी कर दिया गया है। जून से इन स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो जाएगी।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

स्कूल ऑफ एक्सिलैंस में एडमिशन के लिए सात मई तक आवेदन लिए जाएंगे। यह आवेदन पूरी तरह से निशुल्क होगा। इसके बाद 8 से 10 मई तक आवेदनों की स्क्रूटनी होगी। 12 मई को प्रोविजनल लिस्ट जारी किया जाएगा। इसके बाद 13 और 14 मई तक अभिभावकों को आपत्ति के लिए समय मिलेगा। 15 मई को स्कूल के अनुसार फर्स्ट मेरिट लिस्ट जारी हो जाएगा। 16 से 10 मई तक चयनित स्कूलों में एडमिशन लिया जाएगा। इसके बाद गर्मी की छुट्टी के बाद नया सेशन शुरू होगा। जारी किए गए कैलेंडर के अनुसार 10 जून तक गर्मी की छुट्टी निर्धारित है। 11 को रविवार है। इसके बाद 12 जून से स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

### 27 स्कूलों में 9 से 12वीं तक की होगी पढ़ाई

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सचिव के रवि कुमार की ओर से इन स्कूलों में एडमिशन के लिए उपायुक्तों को निर्देश दिया गया है। उसके अनुसार राज्य में 27 उत्कृष्ट विद्यालय ऐसे हैं, जहां क्लास 9 से 12वीं तक की पढ़ाई होगी। 48 ऐसे स्कूल हैं, जहां क्लास 6 से 12वीं तक की पढ़ाई होगी। इन स्कूलों में क्लास 9 और क्लास 6 में एडमिशन लिया जाएगा। चार उत्कृष्ट विद्यालय ऐसे हैं, जहां पहली क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक की पढ़ाई होगी जबकि एक स्कूल ऐसा है, जहां पहली क्लास से आठवीं क्लास तक की ही पढ़ाई होगी।

## आसमानी बिजली गिरने से एक परिवार के चार बच्चों की मौत

### साहिबगंज के पश्चिमी उधवा की घटना

**PHOTON NEWS SAHIBGANJ :** साहिबगंज जिले के राजमहल के राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी उधवा के बाबुटोला मोड़ के समीप राजमहल में आसमानी बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार बच्चों की मौत हो गयी जबकि एक बच्चे की हालत गंभीर है।

जानकारी के अनुसार रविवार को दोपहर में बारिश शुरू हो गयी। आंधी भी चलने लगी। आसपास के इलाके के बच्चे आम चुनने के लिए बागान पहुंच थे। तभी तेज बारिश से बचने के लिए सभी एक आम के पेड़ के नीचे खड़े हो गये। इसी दौरान गर्जन के साथ ठनका उस आम के पेड़ के पास गिरा। घटनास्थल पर ही चार बच्चों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान बाबूटोला की अयशा खातून (14), नजरुल शेख (10), तौकीर शेख (12) और जाहिद शेख (10) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आयशा खातून और नजरुल शेख दोनों हुमायूं शेख के बच्चे हैं। तौकीर के पिता महबूब शेख एवं जाहिद के पिता का नाम अशरफुल शेख है। हुमायूं शेख की एक बेटी नसतरा खातून गंभीर रूप से घायल हो गयी है। अनुमंडल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। आसपास के लोग पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया। घटना की सूचना मिलते ही राधा नगर की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घायल को राधा नगर पुलिस ने अनुमंडल अस्पताल राजमहल पहुंचाया गया। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि आसमानी बिजली गिरने से चार बच्चों की मौत हुई है। एक घायल है।

# KHUNTI के दो सौ बूथों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात

**PHOTON NEWS KHUNTI**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड के प्रसारण को सैकड़ों स्थानों भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना। पद्मभूषण कड़िया मुंडा, खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा के विधायक कोचे मुंडा सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा।

तोरपा विघानसभा के एक सौ बूथों पर रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। कार्यक्रम के सीधाा प्रसारण को देखने के लिए काफी संख्या में गांव के महिला-पुरुष और विद्यार्थियों ने भी सुना। तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने अपने पैतृक गांव तोरपा प्रखंड के ममरला गांव में अपनी धर्मपत्नी मोनिका देवी और गांव के सैकड़ों लोगों के साथ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा।



मन की बात कार्यक्रम देखते कोचे मुंडा व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

### देश में ही नहीं, विदेशों में भी हो रही मन की बात कार्यक्रम की प्रशंसा : कोचे मुंडा

मौके पर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम अपने आप में ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड का सीधा प्रसारण ने सिर्फ देश के करोड़ों लोगों ने, बल्कि दूसरे देशो में भी लाखों लोगों ने देखा। यह एक विश्व रिकॉर्ड है, जहां एक साथ दुनिया के इतने लोगों ने एक साथ किसी कार्यक्रम को देखा। विधायक ने कहा कि उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आज भारत सहित दुनिया के 14 देशों में हो रहा है।

इस कार्यक्रम के तहत स्वरोजगार योजना से जुड़े लोगों महिलाओं की उपलब्धियों के बारे मे विशेष जानकारी प्राप्त होती है। इससे युवाओं महिलाओं में स्वरोजगार के प्रति जागरुकता आती है और खुद के काम शुरू करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि मन की बात के हर एपिसोड में देश के किसी विशेष व्यक्ति, महिलाओं के बारे मे हम सभी को जानकारी प्राप्त होती है, आज देश विदेश में मन की बात कार्यक्रम की प्रशंसा होती है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों से आम जनों द्वारा अपनी मन की बात पहुंचनाने का यह एक जरिया गया है।



मन की बात कार्यक्रम देखते कड़िया मुंडा व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

### पीएम ने देश के लोगों को किया प्रोत्साहित : कड़िया मुंडा

लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और आठ बार खूंटी के सांसद रहे कड़िया मुंडा ने बाबा आम्रेश्वर धाम में मन की बात कार्यक्रम को वयोवृद्ध भाजपा नेता मुनीनाथ मिश्रा, जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, पुरोहित सच्चिदानंद शर्मा, सत्यजीत कुंडू सहित कई कार्यकताओं के साथ सुना। मौके पर पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने देश के हर वर्ग द्वारा जो राष्ट्रनिर्माण के कार्य हुए हैं, उनका प्रोत्साहन किया और पूरे भारत मे उनके कार्यो को पहुंचाने का अद्भुत प्रयास किया है। कड़िया मुंडा ने कहा कि यह प्रधानमंत्री के मन की बात नहीं, बल्कि देश की बात है। करोड़ों लोगों ने प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को पिछले नौ वर्षों से सुनते आए हैं और उन्हें इससे काफी प्रेरणा मिली।

लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष ने कहा कि यह कार्यकम देश के विकास में काफी सहायक होगा। उन्होंने कहा कि न सिर्फ भारत बल्कि दूसरे देशों के भी करोड़ों लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से प्रेरणा ली।

# अडानी की लूट के खिलाफ होगा आंदोलन : भुनेश्वर प्रसाद मेहता

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH**

सीपीआई के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि केन्द्र सरकार पूरे देश में न सिर्फ कोयला खदान बल्कि उर्जा, हवाई अड्डा, बंदरगाह सहित कई परियोजनाएं बिना सोचे समझे अडानी को दे दिया है। सरकार ने अडानी को झारखंड के 26 कोल ब्लाक दे दिया गया। इनमें हजारीबाग के केरेडारी और बड़कागांव के भी कोल ब्लाक हैं। इससे हजारों लोग विस्थापित होंगे। बड़कागांव और केरेडारी की जो जमीन है वह बहु फसली जमीन है जिस पर किसान धान, गेहूं, सब्जी और अन्य अनाज पैदा करते हैं। भुनेश्वर प्रसाद मेहता रविवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि अगर अडानी इनके जमीन को ले लेती है तो पूरा गांव विस्थापित हो जाएगा और किसान दर दर की ठोकर खाने को मजबूर हो जाएंगे। मेहता ने कहा




पत्रकारों को जानकारी देते भुनेश्वर प्रसाद मेहता व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

कि झारखंड विस्थापित संघर्ष समिति जिसका मैं अध्यक्ष हूं सभी वामपंथी, जनवादी राजनीतिक दलों, सामाजिक, सांस्कृतिक और लेखकों के संगठन को लेकर के एक बड़ा आंदोलन हजारीबाग सहित पूरे झारखंड में किया जाएगा। इसकी शुरूआत केरेडारी के गोंदलपूरा से आगामी सात मई को होगी, जहां अदानी के खिलाफ 12 अप्रैल 2023 से सैकड़ों लोग धरना पर बैठे हुए हैं।

यहां पर एक बड़ी सभा आयोजित की जाएगी। सभा में पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, विस्थापन आंदोलन के नेत्री वाशवी कीड़ों, सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, मार्क्सवादी समन्वय समिति के नेता शांतनु मुखर्जी, आरजेडी के राज्य उपाध्यक्ष राजेश यादव जदयू के वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा रहेंगे। पत्रकार वार्ता में सीपीएम के नेता गणेश कुमार सीटू, विपिन कुमार सिन्हा, सीपीआई के कार्यालय सचिव निजाम अंसारी, डा अनवर हुसैन, पूर्व मुखिया महेंद्र राम उपस्थित थे।

# पीएम के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को लोगों सुना

**PHOTON NEWS LOHARDAGA**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को जिलेभर में सुना गया. इस दौरान भाजपा नेताओं ने अलग-अलग जगहों पर लोगों के साथ मन की बात सुनी. इस दौरान लोगों में काफी उत्साह देखा गया.

बेठहठ पंचायत में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, मुखिया राजकिशन उरांव, निरंजन भगत एवं अमरनाथ भगत मौजूद रहे. ग्रामीण मनोज कुमार चौरसिया की अगुवाई में बेठहठ पंचायत के सातपारा गांव में मन की बात ग्रामीणों के साथ सुनी गई. इसमें बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे मौजूद रहे.

भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि कार्यक्रम की लोकप्रियता पर हर एपिसोड में श्रोताओं की संख्या बढ़ती जा रही है. इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने कई सामाजिक



प्रधानमंत्री के मन की बात का प्रसारण सुनते लोग। ● द फोटोन न्यूज

अभियानों को गति दी है. लोगों ने कहा कि पीएम के इस लोकप्रिय कार्यक्रम से सामाजिक जीवन में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है.

### मन की बात कार्यक्रम उत्साहवर्धक एवं प्रेरणादायी : सांसद

**PALAMU :** सांसद विष्णु दयाल राम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 100वें एपिसोड को ग्रामीण जनता, पंचायत प्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों के साथ मेदिनीनगर स्थित टाउन हॉल में सुना। गढ़वा जिले के 47 बूथों पर मन की बात का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम हमेशा ही उत्साहवर्धक एवं प्रेरणादायी होता है। आज के सौवें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा है। इस मौके पर निवर्तमान मेयर अरुणा शंकर, प्रोफेसर एससी मिश्रा, प्रोफेसर केके मिश्रा, विजयानंद सरस्वती, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अविनाश कुमार सिन्हा उर्फ छोटू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कांग्रेस से निष्कासित नेताओं ने की प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को हटाने की मांग

**PHOTON NEWS RANCHI**

कांग्रेस से निष्कासित नेता आलोक दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता ने सामूहिक रूप से रविवार को राजकीय अतिथिशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष की गणेश परिक्रमा करने वाले नेताओं को बोर्ड निगम में जगह देने की तैयारी है जबकि संगठन को सींचने वाले नेता निष्कासन का दंश झेल रहे हैं।

तीनों नेताओं ने पार्टी के आलाकमान से मांग की कि राजेश ठाकुर को प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाकर आदिवासी नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाये, जिनकी अगुवाई में



मीडिया को जानकारी देते कांग्रेस के निष्कासित नेता ● द फोटोन न्यूज

2024 के चुनाव में पार्टी बेहतर कर सके। नेताओं कहा कि कांग्रेस पार्टी में एक व्यक्ति एक पद का ढर्रा पुराना रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एआईसीसी की बैठक में जाने से पहले इस्तीफा दिया था। इसके बाद ही वो एआईसीसी की बैठक में शामिल हुए थे। प्रदेश अध्यक्ष को भी राज्यमंत्री का दर्जा मिला है। फिर भी वह प्रदेश अध्यक्ष के पद पर काबिज हैं।

डॉ राजेश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश कमेटी ने एआईसीसी के गठन से पूर्व चार नेताओं को निलंबित कर दिया।हमें विश्वास था कि एआईसीसी में जगह मिलती लेकिन प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने व्यक्तिगत रूप से चिन्हित कर निलंबित किया।

लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि महागठबंधन की सरकार में बोर्ड निगम का गठन होना है और पार्टी के कार्यकताओं को जगह दिया जायेगा। इससे पहले भी 20 सूत्री और 15 सूत्री का गठन किया गया।

# योजनाओं को धरातल पर उतार गरीबों की सेवा में जुटे हैं सीएम : संजीव बेदिया

**PHOTON NEWS RAMGARH**

सौंदा बस्ती में रविवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव सह झारखण्ड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबुती, जन समस्याओं का समाधान करने आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही झामुमो सौंदा बस्ती पंचायत कमेटी का गठन किया गया।

नवगठित 31 सदस्यीय कमेटी में संरक्षक रमेश प्रसाद, अध्यक्ष राजेश प्रसाद, उपाध्यक्ष जगरनाथ बाउरी, लालमोहन प्रजापति, सुनीता देवी, अशोक प्रसाद, सचिव शशिकांत प्रसाद, सहसचिव राजेश ठाकुर, सुखदेव सिंह, दिलीप बाउरी, कुलेश प्रसाद, संगठन प्रभारी सोनी देवी, पिंटू कुमार, संजय भुइंया, चंद्र प्रसाद, हरी, कुसुम दास सहित 16 कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं। मौके पर मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने सबों को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारकर गरीबों के हित में काम कर रही है। यह सरकार जल, जंगल और जमीन की सरकार है।

उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से झारखण्ड के दाता दिशोम गुरू शिबु सोरेन ने काफी लड़ाई व संघर्ष के बाद झारखण्ड को अलग राज्य का दर्जा दिलाया था, उसे संवारने का काम झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बखूबी कर रहे हैं। श्री बेदिया ने कहा की 18 साल तक भाजपा ने इस राज्य को लूटने का काम किया। झारखण्ड विकास से कोसों दूर चला गया था।

## मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने किया तेलंगाना में नए सचिवालय भवन का उद्घाटन

# राज्य में नए अध्याय का आविष्कार : मुख्यमंत्री

**PHOTON NEWS HYDERABAD**

मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने रविवार को तेलंगाना के नए सचिवालय भवन का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में मंत्री, विधायक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनिर्मित सचिवालय राज्य की नई आकांक्षा को पूरा करेगी। साथ ही राज्य में एक नया अध्याय का आविष्कार हुआ है। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व में तेलंगाना के गौरव, शौर्य एवं उन्नति के प्रतीक के रूप में अभेद्य नया सचिवालय शहर के बीच में गर्व से खड़ा हुआ है।

सचिवालय के प्रवेश द्वार पर मुख्यमंत्री केसीआर का स्वागत पारंपरिक पूजा-अर्चना और वेद मंत्र उच्चारण के साथ हुआ। अविभाजित आंध्र प्रदेश के दौरान निर्मित मौजूदा सचिवालय में जगह और सुविधाओं की कमी के कारण नए सचिवालय भवन का निर्माण किया गया है।



तेलंगाना का नया सचिवालय भवन।

राज्य सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तेलंगाना राज्य सरकार के काम-काज को अच्छी तरह से कार्यान्वित करने को लेकर नए सचिवालय भवन का निर्माण कराया गया है। इससे पहले मंत्री एक स्थान पर होते थे और उसी विभाग के अधिकारी दूसरी जगह बैठते थे। इससे कई बार अधिकारियों को मंत्रियों से सलाह मशवरा लेने को लेकर उन्हें यहां से वहां जाना पड़ता था। मंत्रियों को भी काम काज सुचारू रूप से करवाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

वर्तमान में नए परिसर में मंत्री से लेकर विभाग के आला अधिकारियों और कर्मचारियों की सुविधा के लिए कार्यालय इस तरह से डिजाइन किए गए हैं कि वे सभी एक ही तल पर बैठ सकें। अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए की गई व्यवस्था बहुत आरामदायक है क्योंकि भवन नवीन तरीके से बनाया गया है।

नए सचिवालय में आज दोपहर बाद मुख्यमंत्री ने अपना कार्यभार संभाला और छह फाइल पर अपने हस्ताक्षर किए जिसमें अस्थायी तौर पर ठेके मजदूर का नियमितीकरण की फाइल शामिल है। कड़ी सुरक्षा के बीच छठी मंजिल पर मुख्यमंत्री कार्यालय के कक्ष की खिड़कियों पर बुलेटप्रूफ शीशे लगाए गए हैं।

मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने अपने संबोधन में कहा कि इस नवनिर्मित सचिवालय राज्य के पुनर्निर्माण के और बढ़ने का संदेश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सचिवालय का नाम बीआर आंबेडकर के नाम पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय इसी इरादे से लिया गया है कि जनप्रतिनिधि और समस्त सरकारी व्यवस्था आंबेडकर के आदर्शों को साकार करने के लिए काम करे।

मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि अविभाजित आंध्र प्रदेश के दौरान निर्मित मौजूदा सचिवालय परिसर में जगह और सुविधाओं की कमी को देखते हुए सरकार ने एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त की थी जिसने एक नए भवन के निर्माण का समर्थन किया था।

सचिवालय के उद्घाटन समारोह में विपक्षी दल कांग्रेसी, भाजपा दूर रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया कि उद्घाटन समारोह को मुख्यमंत्री ने अपने निजी कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया।

उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस को आमंत्रित नहीं किया गया न तो कोई सूचना दी गई।

तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई साउंडराजन को भी आज हैदराबाद में डॉ. बीआर आंबेडकर सचिवालय के उद्घाटन के लिए आमंत्रित नहीं किया गया। राज्यपाल के कार्यालय से बताया गया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से कोई निमंत्रण प्राप्त नहीं हुआ।

## BRIEF NEWS

### घाटो मंडल की विभिन्न पंचायतों में सैकड़ों समर्थकों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**RAMGARH :** प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात के सौवें में एपिसोड के प्रसारण को रविवार को घाटो मंडल के विभिन्न पंचायतों में अलग-अलग चार से पांच बूथों के कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों समर्थकों के साथ एकत्रित होकर सुना। बारूघुटू पूर्वी से प्रकाश मिश्रा जी के नेतृत्व में मंडल महामंत्री रवि मिश्रा उर्फ विक्की के द्वारा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह लोकसभा के सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा के घाटोटांड़ स्थित कार्यालय में एलसीडी के माध्यम से सवा सौ कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मन की बात सुनी गई। कार्यक्रम के समापन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए प्रकाश मिश्रा ने कहा की हमारे पीएम ने आज के मन की बात में संपूर्ण भारत का दर्शन करा दिया। हम भारतवासी उनके प्रति सदैव आभारी होंगे। इसके अलावा भाजपा घाटोमंडल मंडल अध्यक्ष रणधीर सिंह के द्वारा पंचायत भवन सहित 13 शक्ति केंद्रों में लोगों के साथ यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बातों को सुना। इसी प्रकार बारूघुटू उत्तरी में मथुरा साव, बारूघुटू मध्य में अशोक यादव, केदला उत्तरी में गिरिधारी महतो, इचाकाडीह में रवि रजवार, लइयो दक्षिणी में विश्वनाथ महतो, लइयो उत्तरी में दासो महतो, केदला दक्षिणी से जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो और किसान प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष महावीर महतो, तापिन से संदीप साव, परेज से मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार शर्मा, पिंडरा से उमेश चौहान एवं विभिन्न विभिन्न शक्ति केंद्रों में भव्य रूप से प्रधानमंत्री के मन की बात के सौवें में एपिसोड को सुना गया।

### जनता की समस्या के प्रति सरकारी विभाग व विधायक उदासीन : धनंजय कुमार पुटूस

**RAMGARH :** रामगढ़ शहर के पुराने मेन रोड में मां वैष्णो देवी मंदिर गली के सामने मंगलवार को यह पेड़ गिरा था, जिससे सैकड़ो लोगो को आने जाने में काफी दिक्कत हो रहा है और दुर्घटना भी हो रहा है लेकिन अभी तक इसे नही हटाया गया है। लोगो को हो रही इस समस्या को देखते हुए रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस ने उक्त स्थल पर पहुंच कर मुआयना किया। इस संबंध में धनंजय कुमार पुटूस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जनता को हो रही इस दिक्कत के प्रति सिस्टम की उदासीनता देखने को मिल रही है। मंगलवार की रात्रि में पेड़ गिरा है लेकिन जिला प्रशासन, छावनी परिषद,वन विभाग,विधायक, नेता कोई देखने वाला नही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। अगर जल्द इसे नही हटाया गया, तो जनता को साथ लेकर हमलोग अपने स्तर से इसे हटाने का काम करेंगे।

### भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर व बासल में सैकड़ों ग्रामीणों व भाजपाईयों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**RAMGARH :** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को भाजपाईयों द्वारा पीएम मोदी के मन बात प्रोजेक्ट, टीबी व रेडियो के माध्यम से सुनी व देखी गई। इसी कड़ी में पतरातू मंडल स्थित शक्ति केंद्र सौंदा डी के पंचायत भवन में बूथ नंबर 306, 307, 308, 309 व 310 में सैकड़ों ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100वां संस्करण सुना गया। पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने के बाद लोगों में उत्साह दिखा। इस दौरान भाईपाईयों ने भाजपा व पीएम मोदी के हाथों को और मजबुत करते हुए सबका साथ-सबका विकास के तहत समाज व देशहित में कार्य करने का संकल्प भी लिया।

### पीएम मोदी के मन की बातों को जीवन में उतार समाजहित में कार्य करें : अमरेश सिंह

**RAMGARH :** पटेलनगर के बूथ संख्या 360, 361 व 362 में रविवार को बूथ अध्यक्ष व दर्जनों भाजपाईयों ने पटेलनगर पंचायत भवन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वें एपिसोड मन की बात कार्यक्रम को देखा व सुना। मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि इस साल हम जहां आजादी के अमृतकाल में आगे बढ़ रहे हैं, वहीं जी-20 की अध्यक्षता भी कर रहे हैं। यह भी एक वजह है कि एज्युकेशन के साथ-साथ विविध वैश्विक संस्कृतियां को समृद्ध करने के लिये हमारा संकल्प और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि मन की बात जिस विषय से जुड़ा वो जन-आंदोलन बन गया और उसे जन-आंदोलन आप लोगों ने बनाया है। जब मैंने तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ साझा ह्यमन की बातह्व की थी, उसकी चर्चा पूरे विश्व में हुई थी।


## पेज एक का शेष...

### 'मन की बात' का 100वां...

मन की बात में अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा का आना पूरे विश्व में चर्चा का विषय बना। प्रधानमंत्री ने मन की बात को दूसरों के गुणों से सीखने का बड़ा माध्यम बताया और अपने मार्गदर्शक रहे लक्ष्मणराव ईमानदार को याद किया। उन्होंने कहा कि वकील साहब (लक्ष्मणरावजी) हमेशा कहते थे कि हमें दूसरों के गुणों की पूजा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात ने उन्हें भारत के लोगों से जुड़ने का एक मंच प्रदान किया है। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्हें खाली-खाली महसूस हुआ करता था। वे देशवासियों से कट कर नहीं रह सकते। मन की बात ने उन्हें इस चुनौती का समाधान दिया और लोगों से जुड़ने का रास्ता बनाया। मन की बात उनके लिए स्व से समष्टि और अहम से वयम की यात्रा है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान मन की बात में उठाए विषयों को याद किया। साथ कहा कि भारत में पर्यटन क्षेत्र बहुत तेजी से बढ़ रहा है। हमारे प्राकृतिक संसाधन, नदियां, पहाड़, जलाशय और तीर्थ स्थल का स्वच्छ रहना बड़ा महत्वपूर्ण है। इससे पर्यटन क्षेत्र और अन्य उद्योगों को भी बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान यूनेस्को महानिदेशक से प्राप्त विशेष संदेश को भी साझा किया और कहा कि भारत शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की भारत में प्राचीन परंपरा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और क्षेत्रीय भाषाओं में पढ़ाई का विकल्प इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस दौरान ऑल इंडिया रेडियो की पूरी टीम सहित मायगोव, मीडिया और देश की जनता का मन की बात की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान मन की बात को जीवंत बनाने में योगदान देने वाले कुछ लोगों से बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने हरियाणा के सुनील जागलान जिन्होंने सेल्फी विद डॉटर अभियान की शुरूआत की थी, से बातचीत की। सुनील ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी वजह से देश की बेटियों के चेहरे पर लगातार मुस्कान बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर की पेंसिल स्लेट्स से जुड़ा कारोबार करने वाले मंजूर अहमद से भी बात की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात में शामिल किए जाने की वजह से उनके कारोबार में काफी वृद्धि हुई है और अब उनके यहां 200 से ज्यादा लोग काम कर रहे हैं। उन्होंने कमल के रेशों से कपड़े बनाने वाली मणिपुर की विजयशांति देवी से भी बातचीत की। जिन्होंने बताया कि मन की बात की वजह से उनका कारोबार काफी बढ़ा है और अब वह निर्यातक भी बन गई हैं। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में हीलिंग हिमालयाज अभियान से जुड़े प्रदीप सांगवान से भी बातचीत की। उन्होंने बताया कि 2020 में मन की बात में उनके अभियान का जिक्र होने से आज वह प्रतिदिन अगल-अलग स्थानों से 5 टन कचरा इकट्ठा कर पा रहे हैं। कार्यक्रम में आने से पहले वे इस अभियान को छोड़ने पर विचार कर रहे थे। उनके कार्य की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे हिमालय की चोटियों पर सच्चे अर्थ में साधना कर रहे हैं। उनके प्रयासों से अब पर्वतारोही स्वच्छता से जुड़े फोटो पोस्ट कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एपिसोड का अंत उपनिषदों से प्राप्त चरैवेति-चरैवेति यानी चलते रहो-चलते रहो के मंत्र से किया। उन्होंने कहा कि अमृत काल में देश की यही सकारात्मकता उसे आगे और नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

BRIEF NEWS

## पुलिसकर्मी के घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी



**RANCHI :** डोरंडा थाना क्षेत्र के साउथ ऑफिस पाड़ा में रहने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मी प्रह्लाद महथा के घर में चोरी का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। प्रहलाद महथा के घर का ताला तोड़कर चोर डेढ़ लाख रुपये नगदी और तीन लाख के जेवर लेकर फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। चोरों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## झारखंड में मई में कुल सात दिन बैंक रहेंगे बंद

**RANCHI :** राज्य में मई महीने में कुल सात दिन बैंक बंद रहेंगे। आरबीआई की हॉली-डे लिस्ट के अनुसार राज्य में सात दिन बैंक बंद रहेंगे। इनमें बुद्ध पूर्णिमा सहित दूसरा-चौथा शनिवार और रविवार की छुट्टी भी शामिल है।

**इन मौकों पर बंद रहेंगे बैंक**

- पांच मई को बुद्ध पूर्णिमा के दिन रांची के बैंकों में कामकाज नहीं होगा।
- सात मई को रविवार के दिन बैंक बंद रहेगा।
- 13 मई को दूसरे शनिवार के चलते बैंक बंद रहेंगे।
- 14 मई को रविवार के दिन भी बैंक बंद रहेंगे।
- 21 मई को रविवार के दिन बैंकों में अवकाश रहेगा।
- 27 मई को चौथा शनिवार है, जिस वजह से बैंक बंद रहेंगे।
- 28 मई को रविवार है और बैंक बंद रहेंगे।

## राज्य के मनरेगा कर्मी आज से शुरू करेंगे पदयात्रा

**RANCHI :** राज्य के मनरेगा कर्मी एक मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सोमवार को अपनी लंबित मांगों के लिए पदयात्रा करेंगे। झारखंड मनरेगा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि मजदूर दिवस के दिन से यह पदयात्रा बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलीहातू अड़की से राजभवन तक होगी। तीन मई को राजभवन के समक्ष मनरेगाकर्मी धरना-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि संघ ने पदयात्रा की रूपरेखा तैयार कर लिया गया है। रोड मैप और रात्रि विश्राम के जगह को चिन्हित किया गया। उलीहातू से पदयात्रा प्रारंभ होगा। दोपहर में अड़की प्रखंड में विश्राम के बाद तमाड़ तक पदयात्रा होगी। रात्रि विश्राम तमाड़ में होगा। दूसरे दिन दो मई को पदयात्रा बुंडू प्रखंड होते हुए रामपुर पंचायत तक चलेगी। रात्रि विश्राम रामपुर पंचायत में होगा। तीसरे दिन दुर्गा सोरेन चौक होते हुए राजभवन तक पदयात्रा जाएगी और धरना प्रदर्शन होगा।

## सीएम ने बिजली की चपेट में आने से चार बच्चों की मौत पर जताया दुख

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साहिबगंज जिले के राजमहल में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चार बच्चों की मौत पर दुःख जताया। उन्होंने कहा कि परामात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे और शोकाकुल परिजनों को दुख की इस घड़ी को सहने की ताकत दें। राजमहल के राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी उधवा के बाबुटोला मोड़ के समीप रविवार को राजमहल में आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार बच्चों की मौत हो गयी जबकि एक बच्चे की हालत गंभीर है। मृतकों की पहचान बाबूटोला की अयशा खातून (14), नजरुल शेख (10), तौकीर शेख (12) और जाहिद शेख (10) के रूप में हुई है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# रांची के Mega Trade Fair में उमड़े लोग, जमकर की खरीदारी

**PHOTON REPORTER RANCHI :** मोरहाबादी मैदान में इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के तीसरे दिन रविवार को लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। रांचीवासी छुट्टी का लाभ उठाते हुए परिवार के साथ मेला घूमने पहुंचे। सभी स्टॉलों में लोगों की भीड़ रही। लोग अपनी जरूरत की चीजें खरीदते दिखे।

झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस ट्रेड फेयर में पूर्णरूपेण वातानुकूलित कुल नौ हैंगर में होम एंड डेकोर, रियल इस्टेट, फर्नीचर, इलेक्ट्रिकल्स एण्ड इलेक्ट्रॉनिक, ऑटोमोबाइल, फर्नीचर, उद्योग सहित विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाये गये हैं। ट्रेड फेयर में लोगों को कई उत्पादों पर छूट दी जा रही है। फर्नीचर इंटीरियर में लगे जयपुर वर्ल्ड के स्टॉल में ऑफर के तहत दो बेडशीट एक हजार रुपये में दिये जा रहे हैं जबकि दुबई परफ्यूम के स्टॉल में विभिन्न प्रकार के परफ्यूम पर 60 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। यहां परफ्यूम की शुरूआती कीमत 200 रुपये से हो रही है। तरह तरह के फ्लेवर में यह परफ्यूम लोगों को पसंद भी आ रहा है। इंटरनेशनल हॉल नंबर दो में पांच हजार रुपये के लाइट की खरीदारी पर सुनिश्चित उपहार मिल रहा है।

झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि रविवार को ट्रेड फेयर में दोपहर दो बजे के बाद से लोगों का आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक चला। लोग जरूरत के अनुसार खरीदारी करते दिखे। पूर्णरूपेण वातानुकूलित स्टॉल में लोगों ने जमकर खरीदारी की। साथ ही लोगों ने परिवार के साथ फूड कोर्ट में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ उठाया।


मेगा ट्रेड फेयर में खरीददारी करतीं युवतियां। • फोटोन न्यूज

# सृजन-संवाद की 124वीं गोष्ठी में कविता पाठ




**PHOTON REPORTER RANCHI :** साहित्य-सिने-कला संस्था सृजन-संवाद की 124वीं कविता पाठ पर केंद्रित रही। दिल्ली, भोपाल, मुंबई, केरल, बैंग्लोर, मलेशिया तथा जमशेदपुर से कवियों ने अपनी कविताओं का पाठ किया।

डॉ विजय शर्मा ने कवियों, टिप्पणीकारों, श्रोताओं-दर्शकों, संचालक का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि सृजन संवाद ने साहित्य, सिनेमा तथा विभिन्न कलाओं पर कार्यक्रम प्रत्येक माह गोष्ठी करते हुए 11 वर्षों की सफल यात्रा सम्पन्न की है। इसने अपनी पहचान एक गंभीर मंच के रूप में स्थापित की है।जल्द ही हम अपनी 125वीं गोष्ठी सम्पन्न करने वाले हैं। कार्यक्रम अनुराग रंजन तथा वैभव मणि त्रिपाठी के सहयोग से स्ट्रीमयार्ड तथा सृजन संवाद फेसबुक लाइव पर सम्पन्न हुआ।

जमशेदपुर से वीणा कुमारी ने हम कुछ दूसरे हैं तथा जिंदगी कविता का पाठ किया, मलेशिया से डॉ रश्मि चौबे ने अपनी चार छोटी-छोटी कविताएं प्रस्तुत कीं, जिसमें कोना सबको खूब पसंद आई। जमशेदपुर से आभा विश्वकर्मा ने सुनो बुद्ध तथा मैं एक बरगद का वृक्ष हूं का पाठ किया जिसमें उन्होंने बुद्ध से प्रश्न किए। भोपाल से सारंग उपाध्याय ने पिता समय के पार में बताया कि वे जहां रहे और जो संघर्ष उन्होंने किए उसमें उनके पिता शामिल न थे। उनकी दूसरी कविता जो प्रतिस्पर्द्धा से बाहर हैं। काफी गहराई लिए हुई कविता है।

बैंग्लोर से परमानंद रमण ने गोष्ठी का नाजुक-सा पोस्टर बनाया, साथ ही उन्होंने कवियों का परिचय देते हुए, कविताओं पर टिप्पणी करते हुए गोष्ठी का सफलतापूर्वक संचालन किया। उन्होंने अपनी एक कविता पता नहीं सुनाई, जिसे सबने खूब सराहा। केरल से डॉ शांति नायर ने अपनी कविताएं नामकरण तथा जाले साफ करती स्त्री सुनाई। जब कुत्ते पालतु हो जाते हैं तो वे कुत्ते नहीं कहलाते हैं उनका नामकरण हो जाता है। उनकी दूसरी कविता में एक स्त्री थकने के बावजूद दुनिया के जाले साफ करने में जुटी हुई है। मुंबई यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर हुबनाथ पांडेय ने आज के प्रशासन पर तंज करते हुए तानाशाह तथा आज के निर्मम समय पर कहां जाओगे तथागत कविताएं सुनाई। बहुविधाओं में कलम चलाने वाले विनोद दास नेदिल्ली सेमार्मिक कविता मे आई कम इन सर तथा बिंदी कविता में एक स्त्री के सौंदर्य को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम को समेटते हुए धन्यवाद ज्ञापन गोमिया से डॉ प्रमोद कुमार बर्णवाल ने किया। स्ट्रीमयार्ड संचालित इस गोष्ठी में देश-विदेश से कई श्रोता/दर्शक उपस्थित रहे, उन्होंने इसे देखा, सराहा तथा इस पर टिप्पणियां कीं।

सृजन संवाद की मई माह की गोष्ठी की घोषणा के साथ सभा समाप्त हुई।

## बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पांच जुलाई से लगेगा अधिक पार्किंग शुल्क

**PHOTON REPORTER RANCHI :** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची की ओर से पांच जुलाई से अधिक पार्किंग शुल्क लगेगा।एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की नई पार्किंग पॉलिसी के तहत दरों में बदलाव किया है। नयी दर पांच जुलाई से लागू होगी। नए नियमों के अनुसार आठ मिनट तक किसी भी गाड़ी को एंट्री गेट से एग्जिट गेट के बीच कोई शुल्क नहीं देना होगा। आठ मिनट से ज्यादा समय होने पर प्राइवेट गाड़ियों को 30 रुपये और व्यावसायिक गाड़ियों को 115 रुपये देने होंगे।

नए पॉलिसी के अनुसार पार्किंग टैरिफ में भी बदलाव किया गया है। नयी दरों के अनुसार, बस-ट्रक को 30 मिनट तक 170 रुपये देने पड़ेंगे। वही 30 मिनट से 120 मिनट तक 250 रुपय देने होंगे। ऑटो और एक्सयूवी को 30 मिनट तक 20 रुपये देना होगा। 30 मिनट से 120 मिनट तक के लिए 35 रुपये देने होंगे। प्रीमियम कार पार्किंग के लिए 30 मिनट



तक 75 रुपये लगेंगे। वहीं 30 मिनट से 120 मिनट तक के लिए 80 रुपये लगेंगे।प्राइवेट कारों को 30 मिनट के लिए पार्किंग शुल्क 30 रुपये लगेगा। वहीं 30 मिनट से 120 मिनट तक 40 रुपये देना पड़ेगा। टू-ह्वीलर गाड़ियों को 30 मिनट तक के लिए 10 रुपये देना होगा। 30 मिनट से 120 मिनट तक के लिए 15 रुपये देना होगा।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के लिए काम करने वाले कर्मचारियों के लिए भी पार्किंग दरों को बदला गया है। कर्मचारियों के लिए पार्किंग शुल्क महीने के हिसाब से बदला गया है। ऑटो ट्रक और मालवाहक गाड़ियों के लिए एक महीना का शुल्क दो हजार रुपये रखा गया है। वहीं दो पहिया वाहन को एक महीने के लिए तीन हजार रुपये देने होंगे।

# मंजू कुमारी हत्याकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**मृतका और पशुपति महतो बेंगलुरू में अलग-अलग स्थान पर काम करते थे। एक ही जिला के रहने के कारण जान-पहचान हुई तथा दोनों लिव इन रिलेशन में रहने लगे।**


गिरफ्तार आरोपी व पुलिसकर्मी। • फोटोन न्यूज

**PHOTON REPORTER RANCHI :** अनगड़ा थाना पुलिस ने मंजू कुमारी हत्याकांड का खुलासा करते हुए पशुपति महतो को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

इसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी, लोहे का दाब, बाइक, दो मोबाइल और दो टूटा हुआ सिम कार्ड बरामद किया है।

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गत 27 अप्रैल को कनकटा पाहु टुंगरी जंगल में एक अज्ञात युवती का शव पुलिस ने बरामद किया था। युवती का गर्दन आधा कटा हुआ था और चेहरे को किसी भोथरे हथियार से कुचला हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिल्ली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने जांच के दौरान युवती की शिनाख्त खलारी निवासी भिखु महतो की पुत्री मंजू कुमारी के रूप में की। जांच के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी कि मृतका और पशुपति महतो बेंगलुरू में अलग-अलग स्थान पर काम करते थे। एक ही जिला के रहने के कारण दोनों में जान-पहचान हुई तथा दोनों लिव इन रिलेशन में रहने लगे।

इसी बीच पशुपति महतो कुछ दिन पूर्व घर आ गया और दूसरी लड़की से शादी करने का तैयारी करने लगा। इसकी सूचना मंजू कुमारी को हुई तो वह बेंगलुरू से अपने घर वापस आयी और पशुपति महतो का पता लगाने लगी। इसी बीच 26 अप्रैल को मंजू कुमारी पशुपति महतो के घर पहुंची तथा पशुपति महतो पर शादी करने का दबाव बनाने लगी। इसी बात पर गुस्से में आकर पशुपति महतो ने टांगी से मंजू कुमारी के गर्दन पर मारकर उसकी हत्या कर दी । साथ ही मंजू कुमारी के चेहरे पर दाब से वार कर छत-विक्षत कर दिया और शव छुपाने की नियत से शव को बोरा में भरकर जंगल में ले जाकर फेंक दिया।

## Airport के समीप सड़क मरम्मत के मुद्दे पर ग्रामीणों और सेना के बीच बहस, काम शुरू

**PHOTON REPORTER RANCHI :** रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के समीप सड़क रिपेयर को लेकर रविवार को हंगामा हुआ। यहां पहले से बनी सड़क पर रिपेयर को लेकर ग्रामीण और सेना के बीच बहस हुई। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा और एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद कुमार मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।



ग्रामीणों को समझाते थाना प्रभारी। • फोटोन न्यूज

मिली जानकारी के अनुसार विधायक फंड से रांची एयरपोर्ट के हेथू गांव के रास्ते में पहले से बने सड़क को रिपेयर करने का काम किया जाना है। रविवार को सड़क निर्माण के लिए जैसे ही मजदूर पहुंचे तो वहां पर बने सेना कैंप के जवानों ने रोड बनाने से मना कर दिया और उन्होंने मजदूरों को काम करने से रोक दिया। इसी को लेकर ग्रामीण हंगामा करने लगे। पुलिस की बातचीत के बाद सेना के लोगों और ग्रामीणों की सहमति से सड़क रिपेयर का काम शुरू किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क रिपेयर का काम शुरू हो गया है।

## राज्यपाल ने शिबू सोरेन से की मुलाकात


राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को मोरहाबादी स्थित राज्य सभा सांसद एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की एवं उनका हालचाल लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मौजूद थे। • फोटोन न्यूज

## आसमान में नजर आया Sun Ring



**PHOTON REPORTER RANCHI :** रांची में रविवार को आसमान में सूर्य की चारों तरफ एक चमकदार रिंग नजर आयी। इसे सोलर हालो या सन रिंग कहते हैं। इसको देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गये।

इस संबंध में मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद बताया कि सोलर हालो या सन रिंग एक सामान्य खगोलीय घटना है। यह वातावरण में मौजूद हेक्सागोनल क्रिस्टल के कारण होता है। उन्होंने बताया कि जब वातावरण में मौजूद पानी की बूंदों पर प्रकाश पड़ता है तो उसके विकिरण के कारण यह घटना घटती है। कई बार इस गोले में इंद्रधनुष की तरह कई रंग भी नजर आते हैं। जब किसी प्रकाशमय या एनर्जी से लबरेज चीज के चारों ओर गोलाकार आकृति बन जाये तो उसे हालो कहते हैं। उन्होंने कहा कि हालो यह संकेत देते हैं कि अगले 24 घंटों के भीतर बारिश होगी। क्योंकि, सिरोस्ट्रेटस बादल जो उन्हें पैदा करते हैं।

### प्रदेश कांग्रेस महानगर की नई कमेटी घोषित, पुराने-नये व सामाजिक लोगों को जगह देने का दावा

# 14 उपाध्यक्ष, 46 महासचिव और 71 सचिव बनाये गये

**PHOTON REPORTER RANCHI :** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार राजा ने महानगर कांग्रेस की नई कमेटी की घोषणा कर दी है। इसमें उपाध्यक्ष-14, कोषाध्यक्ष-1, महासचिव-46 सचिव-71, मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता-2, कार्यकारिणी सदस्य-41 एवं विशेष आमंत्रित सदस्य-42 तथा जिले के सभी अग्रणी संगठन के चेयरमैन को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल हैं।

इस अवसर पर महानगर मीडिया प्रभारी राज रूद्रा, उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, राज कुमार नागवंशी, डॉ साजदा खातून, नंद किशोर प्रसाद उर्फ नंदू साहू, तारिक मुजुबी एवं प्रवक्ता विकास कुमार यादव उपस्थित थे।

मौके पर मीडिया प्रभारी राज कुमार सिंह रूद्रा ने कहा कि इस कमेटी में पुराने, नये और सामाजिक लोगों को जगह दी गयी है। आने वाले दिनों में हमलोग जनमुद्दों को लेकर जनता के बीच जायेंगे। केंद्र की गलत नीतियों का विरोध और हमारी सरकार के अच्छे काम से जनता को रूबरू करायेंगे। हम रांची लोकसभा सीट को फिर से कांग्रेस की झोली ने डालने का काम करेंगे।

**उपाध्यक्ष :** अजय जैन, प्रकाश सिंह, नाजिमा रजा, विनीता पाठक नायक, नंद किशोर प्रसाद, ख्वाजा अशरफुद्दीन उर्फ प्रिंस बट, राज कुमार नागवंशी, प्रेम रंजन, फ्रांसिस तिर्की, तारिक मुजीबी, डॉ. साजदा खातून, दिलीप सिंह, दीपक राम, संतोष महतो।

**कोषाध्यक्ष :** विशाल कृष्ण

**महासचिव :** काजल भट्टाचार्य, सुनील अरुण गिरी, जयके खान, सम्राट चटर्जी, जगरनाथ साहू, साकेत पोद्दार, हैदर अली, सिंटू यादव, विश्वजीत चक्रवर्ती, सोनी नायक,प्रदीप सिन्हा कैप्टन,विभोर सिंधानिया, प्रवीण अग्रवाल, कुणाल सिंह, संजय चौबे, जितेंद्र त्रिवेदी, रणधीर सिंह, राबिन कुमार मिश्रा, अर्चना मिर्धा, कुमुदानी प्रभावती,गजेंद्र सिंह,संजय सिंह, लालू, हिना परवीन, दीपू सिन्हा, फिरोज खान, कैशर प्रवीण, शिव कच्छप, अमिताभ बनर्जी, रंजन कच्छप, लाल आशुतोष नाथ शाहदेव, बिजेंद्र सिंह, विनोद सिंह,सुनील यादव, राजेश कुजूर, जगदीप सिंह बोबी, दीपक पोद्दार, राजकुमार राज श्रीवास्तव,प्रवीण टोप्पो, नरेश पदित, मणिकांत राव, मोना राय, रमेश चंद्र पाण्डेय, इलियास, गुड्डू यादव, एमडी गुलाम सरवर, संतोष कुमार गुप्ता।


प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते कांग्रेस के नेतागण। • फोटोन न्यूज

**सचिव :** चांदनी सिंह, प्रकाश सोनी, प्रवीण सोनल कच्छप, राजू मल्लिक, बंटी वर्मा, रितेश सिंह राजा, सौरव खन्ना, शकुंतला उरांव, निर्मला तिर्की, सुषमा लकड़ा, संगीता टोप्पो, जसमनी देवी, जोलन टिर्की, संगीता बुद्ध, संगीता तिर्की, विगाल तिर्की, राजेश लिंडा, संजय कच्छप, रमा महली, नौशाद खान,अरविंद कुमार मिश्रा, विनय बागे, वाहिद अंसारी, राजू काठमल, महादेव उरांव, उचु तिर्की, ऐलवीन लकड़ा, गुलफान अंसारी, अजहर इमाम, सुधीर मिंज, जमसीन एक्का, बीबी खान, जितेंद्र सिंह, मुकेश साहू, अनूप सोनी, शिव प्रसाद भाटाचायार्जी, तौहीद खान, मुनत्जीर खान, अशोक सोनी, राजेश शर्मा, शिवू तिर्की, आकाश तिर्की, प्रकाश तिर्की, सुनील टोप्पो,ललित उरांव, बुधु उरांव, नवीन निश्चल, संतोष सोनी, सखी कौर होरो, गुलफाम अंसारी,राखी प्रिया दर्शनी, प्रकाश तिर्की, मो नौशाद अहमद, मो जावेद अली, ऋषिकांत टोप्पो, डेविड दीन, कुसुम सिंह मुंडा, शमशान चटर्जी, अंकित सिंह राजपूत, बंती वर्मा, कन्हैया महतो, संदीप कुमार, श्रीकांत, कौशल्या भारती, कुंदन कुमार सिंह, सुनीता रवि, विद्धू, अनिल सहनी, आरपी सिन्हा, समीक्षा शर्मा, मुकेश अग्रवाल।

**मीडिया प्रभारी :** राज कु सिंह रूद्रा

**प्रवक्ता :** राजा कर्माकर, विकास कुमार यादव

**कार्यकारिणी सदस्य :** दीपक ओझा, सुधीर चौधरी, इंदुलता देवी, कामेश्वर गिरी, डॉ सुशील कुमार, मुंजी सिंह, राजन वर्मा, रामधन वर्मन, अनूप लाल, योगेंद्र सिंह बेनी, उमेश चौधरी, नागो चौधरी, मुनीश कुमार, पूर्णिमा सिंह, आनंद जालान,अशोक शर्मा, शकील अहमद, कलीमुद्दीन मदन, अफसर खान बबलू, तारा नाथ शाहदेव, सुबोध गुप्ता, अरुण चावला, सुधीर सिंह,राजीव प्रकाश चौधरी, एस अहमद, रितेश कुमार श्रीवास्तव, मणिशंकर तिवारी, नंदलाल शर्मा, अरुण श्रीवास्तव, अजय कुमार सिंह, हरि लाल साहू, पीके चौधरी, विनय सिंह, उमेश प्रसाद, आशुतोष पाठक, दामोदर राम, प्रभात गुप्ता, विनोद शर्मा, राजू यादव, राजेश वर्मा, इंद्रजीत सिंह।

**विशेष आमंत्रित सदस्य :** सुबोधकांत सहाय, गोपाल प्रसाद साहू,हरि राम, बंधु तिर्की, प्रदीप तुलस्यान, केशव महतो कमलेश, अनादि ब्रह्म, डॉ. जय प्रकाश गुप्ता, डॉ गुलफाम मुजीबी, रोशन लाल भाटिया, राणा संग्राम सिंह, निरंजन पासवान, चंचल चटर्जी, अमूल्य नीरज खाखो, रमा खलखो, शमशेर आलम, हाजी मतलूब इमाम,आभा सिन्हा, नेली नाथन, सुनील सहाय, खुर्शीद हसन रूमी, रवींद्र सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, अजय नाथ शाहदेव, बिनय सिन्हा दीपू, मदन मोहन शर्मा, राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, संजय पाण्डेय, राजेश सिन्हा सनी, अमरेंद्र सिंह, शशि भूषण राय, निरंजन शर्मा, जगदीश साहू, सुरेन राम, सलीम खान, सुनील सिंह, कमल ठाकुर रमाकांत आनंद, शाबाज अहमद, आलोक तिवारी शामिल हैं।

BRIEF NEWS

## परंपरा से जुड़ा है मंडा परब सुधीर मंगलेश

**RAMGARH :** दुलमी प्रखंड के सोसो पंचायत के ढुठुवा गांव में शनिवार की रात्रि मंडा परब का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश उपस्थित हुए। मौके पर सुधीर मंगलेश ने कहा कि मंडा पर्व झारखंड की परंपरा और संस्कृति से जुड़ा हुआ है। जिसे खासकर झारखंड में लोग काफी उत्साह और जुनून के साथ लोग मनाते आ रहे है। यह पर्व अच्छी बारिश, खेत-बारी और समृद्धि के लिए मनाया जाता है। इस पर्व के दौरान भक्त आग पर चलने और ऊंचाई पर पीठ पर लगे हुक के सहारे झूलते हैं। इस दौरान श्रद्धा और भक्ति का ऐसा नजारा दिखता है जिसमें बड़े तो बड़े नन्हे बच्चे भी अपनी भक्ति की परीक्षा देते है। इस भक्ति के परीक्षा का उद्देश होता है कि भगवान के प्रति आस्था और प्रेम को दर्शना। पर्व में सभी अच्छी बारिश की कामना करते हैं ताकि हर घर में सुख-शांति बनी रहे और परिवार में खुशियां आएं।

## पीटीपीएस में एनटीपीसी मजदूर यूनियन की साप्ताहिक बैठक संपन्न

**RAMGARH :** एनटीपीसी मजदूर यूनियन (एटक) की सप्ताहिक बैठक रविवार को यूनियन कार्यालय पीटीपीएस पतरातू में हुई। इसकी अध्यक्षता भाकपा अंचल सचिव सह एटक राज्य कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार महतो ने किया। कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर एनटीपीसी मजदूर यूनियन क्षेत्र में 1 मई को मोटर साइकिल जुलूस निकाल कर मजदूरों के हक-अधिकारों के बारे में बताया जायेगा। मौके पर मनोज कुमार महतो, मनोज मुंडा, रमेश महतो, संतोष मुंडा, श्रवण करमाली, विकास मुंडा, नरेश बेदिया, सनी बेदिया, सुरेंद्र महतो, विनय गुप्ता, मनीष कुमार, श्रवण महतो, रोहित महतो, ओम प्रकाश साहू, जयनंदन सिंह, प्रदीप कुमार, विकास भुंइया, रोहित भुंइया आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

**RAMGARH :** वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सौजन्य से समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, प्रो. रामानुज सिंह, उमाशंकर जयसवाल व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुड़ी-सब्जी व ठंडे शरबत का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने बताया कि वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सहयोग से आज कार्यक्रम संपन्न हुआ है। उन्होंने बताया कि वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री ने मंच के माध्यम से आठ सप्ताह तक गरीबों को भोजन कराने का बीड़ा उठाया है जो कि काफी सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा है। सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। श्री सिंह ने ऐसे नेक व सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। साथ ही मंच के लोगों ने वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री के कमल केडिया एवं अंकित केडिया इस कार्य के लिए आभार प्रकट भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ जयश्री मेहता, ललन सिंह, रेणुका देवी आदि का विशेष योगदान रहा।

## पलामू में राधा कृष्ण मंदिर की आधारशिला रखने को लेकर बैठक

**PALAMU :** भवानी नगर (बारालोटा) में तीन मई को राधा कृष्ण मंदिर की आधारशिला रखी जाएगी। स्थानीय बारालोटा भवानी नगर में राधा कृष्ण मंदिर के निमार्णाधीन स्थल पर रविवार को बैठक की अध्यक्षता राधा कृष्ण मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने की। बैठक में मंदिर निर्माण कमेटी ने राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी को संरक्षक मनोनीत किया। परशुराम सेना युवा वाहिनी ने कहा कि राधा कृष्ण मंदिर निर्माण में युवा वाहिनी सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहेगी।

# LATEHAR के टोरी रेलवे क्रॉसिंग के पास पेट्रोलिंग ट्रेन बेपटरी, बड़ा हादसा टला

**PHOTON NEWS LATEHAR**

बरकाकाना - बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी रेलवे फाटक के समीप रविवार को रेलवे की पेट्रोलिंग ट्रेन बेपटरी होकर सड़क पर दौड़ने लगी। हालांकि इस घटना में जान माल का नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद रेलवे की बचाव टीम घटनास्थल पर पहुंचकर पेट्रोलिंग ट्रेन को वापस पटरी पर लाने का कार्य आरंभ कर दी है।

जानकारी के अनुसार रेलवे की टीम सामान्य पेट्रोलिंग पर बालूमाथ की ओर निकली थी। पेट्रोलिंग के बाद पेट्रोलिंग ट्रेन वापस टोरी के सेंटरिंग यार्ड में प्रवेश करने लगी। इसी दौरान पेट्रोलिंग ट्रेन डिवाइडर को तोड़ते हुए एनएच -99 मुख्य सड़क पर आ गई। घटना के बाद रेलवे क्रॉसिंग का फाटक बंद था इस कारण घटना में जान-माल की नुकसान नहीं हुई । इधर घटना की सूचना के बाद टीआई संजय कुमार, एसएस रंजीत कुमार व आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार रेलवे के अधिकारियों के साथ घटनास्थल पहुंचे और घटना का जायजा लिया। दुर्घटनाग्रस्त हुए पेट्रोलिंग ट्रेन को घटनास्थल से हटाने को लेकर बरवाडीह से राहत दल को बुलाया गया इसके ट्रेन को वापस पटरी पर लाने का कार्य आरंभ कर दिया गया है।



पटरी से उतरी ट्रेन व परेशान यात्री। ● द फोटोन न्यूज

इधर इस घटना के बाद एनएच -99 पर लगभग एक घंटे तक सड़क जाम की स्थिति बनी रहे। लेकिन बाद में रेलवे क्रॉसिंग का फाटक खोल कर यातायात को सामान्य बनाया गया। हालांकि घटना से रेलवे परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा । घटना के संबंध में रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि बचाव कार्य संपन्न होने के बाद ही पता चल पाएगा कि इस घटना में रेलवे को कितना नुकसान हुआ है।

## धनबाद के लोयाबाद में गैस सिलेंडर लदा ट्रक पलटा, रिसाव होने से मची भगदड़


गैस सिलेंडर लदा ट्रक पलटा। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS DHANBAD**

जिले के लोयाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत सेंद्रा पंजाबी मोड़ के समीप रविवार को धनबाद कतरास मुख्य मार्ग पर सीएनजी गैस सिलेंडर लदा एक ट्रक (बीआर 01 जीके 5402) अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई।

ट्रक पलटने से गैस का रिसाव होने लगा, जिससे आसपास भगदड़ मच गई। पूरे क्षेत्र में भय का माहौल उत्पन्न हो गया। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस व अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंची। पुलिस ने एहतियातन उक्त सड़क पर वाहनों का आवागमन को रोक दिया। इस घटना में ट्रक का ड्राइवर गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया गया।

## सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस और हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**PHOTON NEWS DEOGHAR**

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जितेंद्र कुमार महेश्वरी एवं झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र ने रविवार को सपरिवार बाबा बैद्यनाथ का पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

प्रशासनिक भवन में तीर्थ पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया। इसके बाद दोनों जस्टिस ने द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक बाबा बैद्यनाथ का रुद्राभिषेक और जलाभिषेक किया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने दोनों जजों को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र और बाबा मंदिर का प्रसाद दिया।


जजों को स्मृति चिन्ह देते मंजूनाथ भजंत्री। ● द फोटोन न्यूज

इस दौरान रजिस्ट्रार जनरल उच्च न्यायालय रांची, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय, प्रभारी एसपी नाथू सिंह मीना, बाबा मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी दीपांकर चौधरी एवं संबंधित अधिकारी सहित पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## झारखंड में मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया

**RANCHI :** राज्य में मौसम का मिजाज बदल गया है। इसके कारण लोगों को फिलहाल गर्मी से राहत है। दिन की शुरूआत जहां गर्मी होती है, वहीं दोपहर बाद मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। राज्य के कई जिलों में लगभग हर दिन बारिश हो रही है। मौसम विभाग हर घंटे मौसम में परिवर्तन का अपडेट जारी कर रहा है। रविवार को भी मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई हिस्से में बारिश होगी। रांची का तापमान 30.3 के आसपास रहा है।

## तालाब में डूबने से दो चचेरे भाइयों की मौत

**PHOTON NEWS DHANBAD**

हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत घुनघुसा गांव में तालाब में नहाने के दौरान डूबने से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई है। मौत के बाद उनके परिवार में कोहराम मच गया है। साथ ही पूरे गांव में मातम पसर गया है।

मृतकों में करण मंडल का पुत्र संजय मंडल (14 ) था। उसने इसी वर्ष आठवीं बोर्ड की परीक्षा दी थी। वहीं अर्जुन मंडल का पुत्र नयन मंडल (17) ने भी इसी वर्ष जैक से मैट्रिक परीक्षा दी थी। दोनों आपस मे चचेरे भाई थे।


शव के पास मातम मनाते परिजन। ● द फोटोन न्यूज

घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार सुबह करीब 10 बजे दोनों भाई गांव के ही सूंड़ी बांध में स्नान करने गए थे। इसी दौरान दोनों तालाब में डूब गए। दोनों भाइयों को तालाब में डूबता देख वही स्नान कर रही कुछ महिलाओं के चिल्लाने से आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद गांव वालों की मदद से आनन-फानन में दोनों को तालाब से बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### बापू वाटिका मोरहाबादी से निकला सामाजिक न्याय मार्च

## रांची के हरमू मैदान में हेमंत सरकार पर जमकर बरसे आजसू के सुदेश महतो

**PHOTON NEWS RANCHI**

आजसू पार्टी ने रविवार को रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से हरमू मैदान तक न्याय मार्च निकाला। मार्च कचहरी चौक, रातू रोड होते हुए हरमू मैदान पहुंचा। लगभग छह किलोमीटर के इस मार्च की अगुवाई सुदेश महतो ने की। मार्च में वोट हमारा-राज तुम्हारा और धोखेबाज हुकूमत की हर दीवार हिलाने निकले हैं, जैसे नारे खूब लगे।

मार्च को संबोधित करते हुए आजसू के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री और मंत्री का पद लर्निंग स्कूल नहीं हो सकता। जनभावना के अनुरूप नीतियां बनाने और फैसले लेने के लिए सरकार बनती है। आधे-अधूरे प्रयोग के लिए भी सरकार कतई नहीं बनती। इनमें कोई नेतृत्व क्षमता और विजन नहीं था और सत्ता मिली। नतीजा हुआ कि 40 महीने में राज्य को सामाजिक और राजनीतिक तौर पर बड़ी क्षति हुई। ओबीसी, एसटी और एससी खूब छले गए।


हरमू मैदान में सुदेश महतो व आजसू कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

महतो ने हरमू मैदान में सरकार की नाकामियों, दोषपूर्ण नीतियों और लूट-खसोट के रवैये पर तथ्यपूर्ण और सिलसिलेवार हमला बोला। उन्होंने कहा कि नीयत नेक हो तो नीतियां सही बनती हैं लेकिन राज्य सरकार की नीयत में शुरू से खोट है। मुख्यमंत्री और उनके मंत्री सदन में कुछ बोलते हैं बाहर कुछ जबकि कैबिनेट में फैसले कुछ और लिए जाते हैं। साथ ही कहा कि स्थानीय नीति, नियोजन नीति, ओबीसी आरक्षण, ट्रिपल टेस्ट विस्थापन नीति, आंदोलनकारियों के मान-सम्मान सहित तमाम अहम विषयों की सरकार ने अनदेखी की। जातीय जनगणना सामाजिक न्याय का आधार है लेकिन इसके प्रति सरकार की कोई दिलचस्पी नहीं है।

सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस और अन्य नेताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर कई नेता और लोग मौजूद थे।

## अवैध बालू तस्करी और स्टॉक के खिलाफ छापेमारी, एफआईआर दर्ज

**PHOTON NEWS RANCHI**

रांची के सोनाहातू इलाके में अवैध बालू की तस्करी और स्टॉक के खिलाफ छापेमारी की गई। इसके बाद जमाखोरों व तस्करी में शामिल आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम तक अंचल अधिकारी प्यारेलाल, सोनाहातू थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध बालू भंडारण के खिलाफ जांच अभियान चलाया गया। लगातार जन शिकायत एवं हाई कोर्ट द्वारा कड़ी टिप्पणी के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की। इस कार्रवाई पर समाजसेवी पांच परगना फाइटर्स के अध्यक्ष ललित महतो ने कहा क्षेत्र में छापामारी जनहित के लिए है। बालू का उठाव भंडारण से पर्यावरण को क्षति पहुंचा है। तकरीबन 5 सालों से पुल-पुलियाओं का दोहन-शोषण एवं क्षतिग्रस्त हुआ है। बनडीह, जाढेया, बीरदीडीह, जीनतु, डीबाडीह गांव में सघन छापामारी अभियान चलाकर के 10 अभियुक्त के विरोध में प्राथमिकी दर्ज किया गया।

नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश महासचिव अमर महतो ने कहा बालू की कालाबाजारी और अधिक मूल्य पर बेचे जाने के बाद घरों का निर्माण कार्य में बाधा हुई है। ऊंची दामों पर बालू का मूल्य से गृह निर्माण के क्षेत्र में कमी आई है, जिससे मजदूर बेरोजगार की स्थिति पर आ गई है। उन्होंने कहा हाईकोर्ट के दबिश के कारण में शासन प्रशासन के कार्य शैली में परिवर्तन आया है। लगातार जनप्रतिनिधियों द्वारा पुलिस प्रशासन पर आरोप लगते रहे हैं। लेकिन इस बार की छापामारी ने बालू माफियाओं पर काफी नुकसान पहुंचाया। आज कांची नदी 30 फीट नीचे चली गई है जिस पर पानी का जमाव काफी मुश्किल है। 5 किलोमीटर के परिधि में रहने वाले ग्रामीणों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी को देखते हुए जलस्तर काफी नीचे चला गया है। तालाब, कुआं ,नलकूप की स्थिति दयनीय है। पर्यावरण को भी नुकसान लगातार पहुंच रहा है। मिट्टी के कटाव से नदी का क्षेत्रफल पहले से काफी बड़ा हो गया है।

बुंडू से लगातार अवैध बालू का परिचालन होता है लेकिन अब तक देखा जाए बिना निविदा के बालों का उठाव में शासन प्रशासन की भी मिलीभगत को इनकार नहीं किया जा सकता है। एक साल पूर्व बालू माफियाओं के विरुद्ध आवाज उठाने पर गलत प्राथमिकी दर्ज कर परेशान करने का काम किया गया था। खूंटी, गुमला, लोहरदगा, रांची, रामगढ़ के अलावा लगातार अवैध खनन बालू उठाव की शिकायत करने वाले नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश महासचिव अमर महतो ने कहा अवैध भंडारण बालू उठाव को रोकने के लिए मुखिया पंचायत के अधिकारी को आगे आना पड़ेगा। ग्रामसभा मजबूत रहेगा तभी कुछ असामाजिक तत्व के कार्यशैली पर लगाम लगेगा।

## राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियनशिप रोड स्पीड स्केटिंग की मेजबानी करेगा झारखंड

**PHOTON NEWS RANCHI**

रांची के खेलगांव मेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहली बार झारखंड की मेजबानी में एक जून से पांच जून तक चौथा नेशनल रैंकिंग चैंपियनशिप रोड स्पीड स्केटिंग का आयोजन होगा। रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के इस आयोजन मे राष्ट्रीय नेशनल स्तर के आयोजन में लगभग 1200 खिलाड़ियों की भागीदारी की संभावना है। इनमें 50 खिलाड़ी झारखंड के भी होंगे। अभी इस खेल में झारखंड के 450 रजिस्टर्ड खिलाड़ी है। इनका प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है। एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के 30 से अधिक रेफरी एवं तकनीकी अधिकारी भाग लेंगे।

प्रस्तावित खेलों में क्वाड एवं इन लाइन की प्रतियोगिताएं होंगी, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के बालक एवं बालिका (5-7 ,7-9, 9-11, 11-14, 14-17 एवं 17 आयु वर्ग) भाग लेंगे।

## झारखंड में आज से चलेगी समर स्पेशल ट्रेनें

**PHOTON NEWS RANCHI**

झारखंड में एक मई से समर स्पेशल ट्रेन चलेगी। रेलवे ने गर्मियों के मौसम में यात्रियों को राहत देने के लिए कई स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां होने वाली हैं। इसी गर्मी की छुट्टी में शादी-ब्याह का सीजन भी शुरू है। ऐसे में अपने-अपने गांव-घर से दूर रहने वाले छात्र भी अपने परिजनों के पास वापस लौटेंगे या फिर अपने दोस्तों-परिजनों के साथ कहीं घूमने का प्लान भी बना रहे हैं। ऐसी स्थिति में ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ से निपटने के लिए रेलवे ने झारखंड- बिहार और यूपी समेत कई रूटों पर समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू किया है, जिससे ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

गर्मी छुट्टी को देखते हुए मालदा डिविजन की ओर से समर स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा हुई है, जो एक मई से छह जोड़ी ट्रेनें चलेंगी। इसके तहत छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन के अलावा उधना जंक्शन-मालदा टाउन, गुवाहाटी-रांची, हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी और सियालदह-न्यू जलपाईगुड़ी स्पेशल ट्रेन चलेगी।

ट्रेन संख्या (01031) छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-मालदा टाउन स्पेशल एक मई से 29 मई तक हर बुधवार को 00.25 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या (01032) मालदा टाउन-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस प्रत्येक बुधवार को तीन मई से 31 मई के बीच मालदा टाउन से 12.45 बजे प्रस्थान करेगी।

ट्रेन संख्या (09011) उधना जंक्शन-मालदा टाउन स्पेशल प्रत्येक शनिवार को चार मई से 24 जून के बीच 9.30 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी।

### नक्सलियों के खिलाफ लगातार चलाया जा रहा है अभियान : एसपी आशुतोष शेखर

## चाईबासा में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों का कैंप किया ध्वस्त

**PHOTON NEWS WEST SINGHBHUM**

पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस एवं सुरक्षा बलों ने गोइलकेरा-मनोहरपुर सीमा क्षेत्र की गम्हरिया पंचायत अंतर्गत अंबिया गांव के जंगल में रविवार को नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया। हालांकि, नक्सलियों को पुलिस के आने की भनक लग गयी।

इस दौरान पहाड़ी पर बनाये गये नक्सलियों के आठ कैंप को ध्वस्त करते हुए 21 चूल्हों को नष्ट किया। साथ ही 28 टेंट, डेटोनेटर, सिरिंच और इलेक्ट्रिक वायर भी बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार वहां नक्सलियों के शीर्ष नेता एवं एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा की टीम मौजूद थी। इस दस्ते को पकड़ने के लिए पुलिस और सुरक्षाबल का सर्च ऑपरेशन जारी है।


नक्सलियों का कैंप ध्वस्त कर सर्च अभियान चलाते जवान। ● द फोटोन न्यूज

जानकारी के अनुसार जिला बल के जवान, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ की तीन बटालियन के सुरक्षाबलों ने जंगल में छिपे भाकपा माओवादी के नेता मिसिर बेसरा सहित उसके दस्ते को पकड़ने की योजना के तहत रविवार को कार्रवाई की गयी। बताया गया कि इनामी नक्सली मिसिर बेसरा के इस टीम में अमित मुंडा, अजय महतो, अनमोल, मोछू, चमन, कांडे, सागेन अंगरिया और अश्विन सहित करीब 30-35 नक्सली मौजूद थे। पुलिस और सुरक्षाबलों के आने की भनक लगते ही यह दस्ता वहां से निकल भागा।

पुलिस को अंबिया गांव के जंगल में मिसिर बेसरा के दस्ते द्वारा मोर्चा बनाये जाने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद वहां सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। सुरक्षाबलों ने पाया कि नक्सली दस्ते के लोगों ने पेड़ की सूखी डालियों व पत्तों के सहारे मोर्चा बना रखा था। वे पिछले कई दिनों से सुरक्षाबलों को घात पहुंचाने के लिए इस मोर्चा पर जमे थे। यहां भोजन आदि की व्यवस्था थी। अंदेशा है कि इस दस्ते में कुछ महिला नक्सली भी शामिल थीं।

इस संबंध में एसपी आशुतोष शेखर ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ जिला पुलिस और सुरक्षाबलों की ओर से 11 जनवरी से लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसी सर्च ऑपरेशन के क्रम में जंगल क पहाडी पर नक्सली दस्ता की ओर से बनाये गये मोर्चा आदि बरामद किया गया है। बरामद मोर्चा व अन्य सामानों को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया है।

## मुरूडीह में हुआ हरि कीर्तन का आयोजन

**PHOTON NEWS RAMGARH**

गोला प्रखंड के मुरूडीह गांव में हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमे रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक ममता देवी व पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो उपस्थित हुए। दोनो ने सर्वप्रथम भगवान के चरणों में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात ग्रामीणों के साथ बैठ कर कीर्तन का आनन्द लिया। साथ ही पुर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि जिस तरह से प्रार्थना करने से शक्ति मिलती है, ठीक उसी तरह कीर्तन करना आत्मशक्ति बढ़ाता है।

कीर्तन करने से केवल मन ही नहीं तन भी शुद्ध होता है।

जब भी भक्त तन्मयता से भजन-कीर्तन करते हैं उनके मन में किसी भी तरह का द्वेश नहीं रहता। कीर्तन करने से केवल भगवान की भक्ति ही नहीं होती बल्कि इससे मन की अशुद्धियां और दुर्गुण भी दूर होते हैं। यही कारण है कि भजन-कीर्तन करने वालों का मन शांत होता है और जब वे किसी भी कार्य को करते हैं तो पूरी तन्मयता के साथ करते हैं। साथ ही पश्चिम बंगाल के कलाकारों के साथ ममता देवी ने भजन कीर्तन में झांझर भी बजाई। जिसमें कमेटी के तमाम पदाधिकारी गण शामिल थे एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


हरि कीर्तन में शामिल भक्त। ● द फोटोन न्यूज

# लुधियाना में जहरीली गैस रिसाव से बिहार के डॉक्टर का परिवार खत्म

**पत्नी-बच्चों समेत 5 की मौत**

**PHOTON REPORTER GAYA :** पंजाब के लुधियाना में रविवार को हुए जहरीली गैस रिसाव में मरने वाले 11 में से 5 लोग एक ही परिवार के थे। बिहार में गया जिले के कोंच प्रखंड निवासी एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत से इलाके में मातम छा गया है। डॉक्टर कविलाश यादव और उनकी पत्नी एवं तीन बच्चों की मौत की खबर जैसे ही उनके गांव में पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। कविलाश कि माता और पिता तुरंत लुधियाना के लिए रवाना हो गए हैं। बता दें कि लुधियाना के गियासपुर स्थित एक कारखाने में जहरीली गैस के रिसाव से अब तक 11 लोग दम तोड़ चुके हैं, जबकि कुछ लोग बीमार हैं जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक कविलाश शर्मा पेशे से डॉक्टर थे और वे अपने पत्नी और बच्चों के साथ लुधियाना में रह रहे थे। बताया जा रहा है कि जहां गैस रिसाव हुआ वहां पास में ही पास ही उनका मकान था। रविवार सुबह कारखाने में जहरीली गैस का रिसाव होने से परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में डॉ. कविलाश के अलावा उनकी पत्नी वर्षा, बेटी कल्पना और बेटा अभय नारायण एवं आर्यन शामिल हैं।

कविलाश मूलरूप से गया जिले के कोंच प्रखंड स्थित मंझियावां टोला धनु बिगहा के रहने वाले थे। परिवार के पांच लोगों के मौत की खबर जैसे ही पहुंची, पूरे गांव में मातम छा गया। कविलाश के पिता झलकदेव यादव और उनकी मां तुरंत लुधियाना के लिए रवाना हो गए।

बता दें कि लुधियाना के कारखाने में गैस रिसाव से अब तक 11 लोगों की मौत हुई है। कई लोग अस्पताल में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं।

जहरीली गैस का रिसाव कैसे हुआ इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया। राहत और बचाव के लिए एनडीआरएफ समेत अन्य टीमें मौके पर तैनात हैं। ड्रोन के जरिए घरों की तलाशी ली जा रही है कि कहीं कोई व्यक्ति बेहोश तो नहीं है।

### उपेंद्र कुशवाहा से अलग पत्नी स्नेहलता के सुर

## RJLD के शिविर में नीतीश की शराबबंदी का किया समर्थन



**REPORTER BIHARSHARIF :** राष्ट्रीय लोक जनता दल के मुखिया उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता बिहार में शराबबंदी के मुद्दे पर उनसे अलग राह पर चल पड़ी हैं। कुशवाहा के उलट उनकी पत्नी ने नीतीश सरकार के शराबबंदी कानून का समर्थन किया है। नालंदा के राजगीर में चल रहे रालोजद के चिंतन और प्रशिक्षण शिविर में उन्होंने कुशवाहा की पार्टी के कार्यकर्ताओं को शराबबंदी कानून को सही से लागू करने के लिए सहयोग करने की भी अपील की। बता दें कि उपेंद्र कुशवाहा लगातार शराबबंदी कानून पर सवाल उठाते हुए इसपर पुनर्विचार की मांग कर रहे हैं।

राजगीर में रालोजद के शिविर के आखिरी दिन रविवार को उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता ने भी संबोधित किया। उन्होंने बिहार में शराबबंदी को समाज के लिए बेहतर बताया। स्नेहलता ने कहा कि शराबबंदी को सफल बनाने के लिए आप लोगों के सहयोग की जरूरत है। शराबबंदी पर एक दूसरे को दोष देने के बजाय, लोगों को समझाएं कि क्या गलत है है। गांव-देहात में जब तक आप जाकर लोगों को समझाएंगे नहीं, तब तक ये सफल नहीं हो पाएगी।

**उपेंद्र कुशवाहा ने की शराबबंदी पर पुनर्विचार की मांग**

रालोजद के चिंतन शिविर के पहले दिन पार्टी अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने नीतीश की शराबबंदी का विरोध किया। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शराबबंदी के फैसले पर पुनर्विचार की मांग की। इससे पहले भी कई बार वे इस मुद्दे पर नीतीश सरकार को घेर चुके हैं। वहीं, उनकी पत्नी द्वारा इसका समर्थन करने पर राजनीतिक हलके में चर्चाओं का दौर शुरू हो सकता है।

## नालंदा से चुनाव लड़ेंगे नीतीश कुमार!

**जेडीयू सांसद के प्रस्ताव पर सीएम की ओर से आया रिएक्शन**



**PHOTON REPORTER PATNA :** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी दलों को एकजुट करने की कवायद में जुटे हुए हैं। इस बीच नालंदा लोकसभा सीट से जेडीयू के लोकसभा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने नीतीश कुमार के चुनाव लड़ने के लिए अपनी सीट छोड़ने की पेशकश कर दी है। जब रविवार को नालंदा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के संबंध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पत्रकारों ने पूछा तो उन्होंने कहा कि अभी इस सब पर हमें कुछ नहीं कहना है। बता दें कि जेडीयू सांसद कौशलेंद्र कुमार ने बयान दिया था कि मैं नीतीश कुमार से नालंदा से चुनाव लड़ने का अनुरोध करूंगा क्योंकि यह उनकी पारंपरिक सीट है और मैं उनका प्रतिनिधि हूं। हम चाहते हैं कि वह इस देश के प्रधानमंत्री बनें।

इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा था कि 2024 लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों की एकता की बात कर्नाटक चुनाव के बाद आगे बढ़ेगी। हमारी कई दलों के नेताओं से बात हुई है। आगे और भी नेताओं से बात होनी है। बिहार में विपक्षी एकता को लेकर बैठक करने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग सभी नेताओं के साथ मिलकर बातचीत कर रहे हैं। अभी कुछ और लोगों से बातचीत होनी है। इसके बाद तय हो जायेगा कि कहां पर बैठक होगी। नीतीश ने कहा कि बहुत लोगों की राय है कि बैठक पटना में होनी चाहिए। सभी लोगों की राय से यह सब तय होगा। सभी लोग अगर चाहेंगे तो बिहार में जरूर बैठक होगी। यह खुशी की बात होगी। पर, यह कहां होगी, सबलोगों की राय से ही तय किया जाएगा। अभी एक राज्य (कर्नाटक) में चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। कई पार्टियां उसमें लगी हैं। उसके बाद ही यह सब होगा।

गौरतलब है कि 24 अप्रैल को नीतीश कुमार कोलकाता में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मिले थे। तब, ममता बनर्जी ने नीतीश कुमार से आग्रह किया था कि पटना में सभी दलों की मीटिंग आप बुलायें। पटना से ही जयप्रकाश नारायण ने भी तत्कालीन केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत की थी।

## आनंद मोहन के परिवार ने बनायी मीडिया से दूरी

**चेतन आनंद की शादी का Venue भी बदल डाला**

**PHOTON REPORTER PATNA :** डीएम जी कृष्णैया हत्याकांड के दोषी आनंद मोहन को भले ही बिहार सरकार ने जेल से रिहा कर दिया है, लेकिन अब उनकी रिहाई के खिलाफ एक नयी कानूनी लड़ाई शुरू हो गयी है। आनंद मोहन को एक बार फिर कोर्ट का चक्कर लगाना पड़ सकता है। आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ जी कृष्णैया की पत्नी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गयी हैं। इधर पटना हाईकोर्ट में भी एक याचिका दायर हो चुकी है। ऐसे में आनंद मोहन के परिवार ने मीडिया से दूरी बना ली है। पिछले दो दिनों से आनंद मोहन का परिवार कहां है इस बात की जानकारी मीडिया को नहीं है। देहरादून के क्रॉस रोड पर आनंद मोहन की आलीशान कोठी है। इस कोठी पर पिछले दो दिनों से मीडिया की टीम पहुंच रही है। लेकिन आनंद मोहन परिवार वहां नहीं मिल रहा है।

**शादी समारोह से भी मीडिया को दूर रखने की तैयारी :** आनंद मोहन के विधायक बेटे चेतन आनंद की शादी जहां होनी थी, उसका वैन्यू भी बदल चुका है। 3 मई को देहरादून के जिस वैक्वेंट हॉल में चेतन आनंद की शादी होनी थी, वहां अब नहीं होगी। आनंद मोहन परिवार से जुड़े लोगों का कहना है कि मीडिया ट्रायल के कारण चेतन आनंद की शादी का वेन्यू बदल दिया गया है। देहरादून के जिस वैक्वेंट हॉल में पहले से शादी होनी तय थी, अब वहां शादी नहीं होगी। शादी के लिए दूसरा वेन्यू तय कर लिया गया है।

**देहरादून में भी नहीं दिख रहा परिवार**

27 मई को आनंद मोहन की जेल से रिहाई हुई थी। कहा गया था कि इस मौके पर सहरसा में एक बड़ी सभा होगी, लेकिन अचानक अहले सुबह आनंद मोहन न केवल सहरसा ने निकल गये, बल्कि पटना में भी वो नहीं ठहरे और देहरादून चले गये। वैसे चेतन आनंद ने उस दिन मीडिया से बात की। तब तक की तस्वीरें और वीडियो सामने आयी, लेकिन उसके बाद से आनंद मोहन का पूरा परिवार मीडिया की पहुंच से बाहर है लेकिन देहरादून में आनंद मोहन परिवार कहां ठहरा है और शादी किस जगह होगी, इसको लेकर अब तक चुप्पी है।

### दिनदहाड़े फायरिंग में दो युवक को लगी गोली, एक की मौत

**DARBHANGA :** बिहार के दरभंगा में दिनदहाड़े फायरिंग हुई है। इसमें दो युवक को गोली लगी है। जिसमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, दूसरे की हालत बेहद गंभीर है। घायल को इलाज के लिए फिलहाल DMCH भेजा गया है। यह पूरी घटना जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के तारालाही गांव की है। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एक आरोपी के घर जमकर तोड़फोड़ की है। साथ ही सड़क के वाहन में आग भी लगा दी। इसके बाद पुलिस ने लोगों को नियंत्रित किया है।

### तेजस्वी यादव को रात 12 बजे मुजफ्फरपुर के अस्पताल में देख चौंके लोग




**तेजस्वी यादव SKMCH मुजफ्फरपुर आएंगे, इस बात से अस्पताल प्रशासन अंजान था। अचानक औचक निरीक्षण करने पहुंचे तेजस्वी यादव को अस्पताल परिसर में कूडे का अंबार दिखा।**

## पटना में बारिश के साथ तेज आंधी, ओले भी गिरे उमस भरी गर्मी से मिली राहत, सड़कों पर जलजमाव



**PHOTON REPORTER PATNA :** राजधानी पटना समेत बिहार के कई जिलों में रविवार को हुई बारिश के बाद मौसम काफी खुशनुमा हो गया। पटना के कई इलाकों में ओले भी गिरे। बारिश के दौरान चल रही तेज हवाओं के कारण कई इलाकों में पेड़ भी जमीन पर धराशाई हो गए। बारिश और तेज हवाओं के कारण उमस भरी गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली। बारिश के दौरान राजधानी के कई प्रमुख सड़कों पर जलजमाव भी देखने को मिला। मौसम विभाग ने आज और कल राज्य भर में आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की है। दो दिनों में चार से पांच डिग्री तक तापमान में गिरावट के आसार हैं।

राजधानी पटना की बात करें तो यहां मौसम के तीन रंग देखने को मिले। गांधी मैदान इलाके में तेज बारिश तो वहीं कुछ इलाकों में ओले भी गिरे। जबकि जगदेव पथ और आसपास के इलाके में गरज तड़क और आंशिक बूंदाबांदी हुई। एक ही शहर में मौसम की अलग अलग घटनाओं से लोग देर तक अंजान रहें। वहीं बारिश के बाद राज्य भर के अधिकतम तापमान में तेजी से कमी देखने को मिली। मौसम विभाग ने पटना सहित कई जिलों में देर रात और कल भी आंधी पानी का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार प्रदेश में सोमवार तक 30-40 किमी प्रति घंटे हवा की रफ्तार बने होने के साथ मेघ गर्जन, बिजली चमकने के साथ कुछ स्थानों पर आंशिक बारिश की संभावना है। सोमवार को पटना सहित राज्य के अधिकतर जिलों में बादल छाए रहने की संभावना है।

### स्वर्ण क्रांति दल के प्रमुख होने का दावा करने वाले कल्लू ने कहा नीतीश सरकार को उन्हें छोड़ना ही होगा

# आनंद मोहन के बाद प्रभुनाथ और अनंत सिंह की रिहाई की मांग



**PHOTON REPORTER PATNA :** बिहार सरकार के एक फैसले को पलटने के बाद माफिया डॉन से राजनेता बने आनंद मोहन सिंह की हाल ही में जेल से रिहाई हुई है। उन्हें कोर्ट ने एक आईएएस अधिकारी की हत्या का दोषी ठहराया था। उन्हें आजीवन कारावास की सजा मिली थी। हालांकि, बिहार सरकार ने एक कानून में संसोधन कर उनकी रिहाई का रास्ता आसान कर दिया। आनंद मोहन की रिहाई के बाद बिहार के कुछ और बाहुबली नेताओं की रिहाई की मांग उठने लगी है। यह नीतीश कुमार की सरकार की बेचैनी बढ़ाने वाली मांग साबित हो सकती है।

लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनता दल से ताल्लुक रखने वाले एक और पूर्व सांसद प्रभानाथ सिंह के साथ-साथ मोकामा से पूर्व विधायक अनंत सिंह को भी सजा से मुक्त करने के लिए आवाज उठाई जाने लगी है। अनंत सिंह जहां भूमिहार जाति से आते हैं वहीं, आनंद मोहन की तरह प्रभुनाथ सिंह भी राजपूतों के नेता हैं। आनंद मोहन की रिहाई का हवाला देते हुए पटना में प्रभुनाथ और अनंत सिंह की जल्द रिहाई की मांग करते हुए कई पोस्टर लगाए गए हैं। उनके समर्थकों ने उन्हें मुक्त कराने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। आपको यह भी बता दें कि पूर्व सांसद को फायदा पहुंचाने के लिए जेल नियमों में बदलाव करने के लिए बिहार सरकार की काफी आलोचना भी हो रही है। जनता दल के तत्कालीन विधायक अशोक सिंह की 3 जुलाई, 1995 को उनके पटना आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस केस में प्रभुनाथ सिंह को मई 2017 में हजारीबाग की एक अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। वहीं, मोकामा से पांच बार के विधायक अनंत को 10 साल की सजा सुनाई गई थी। अगस्त 2019 में अनंत सिंह के घर हुई छापेमारी के दौरान उनके आवास से एक एके-47 राइफल और अन्य हथियार जब्त किए गए थे। वह आर्म्स एक्ट के मामले में भी जेल की सजा काट रहे हैं।

दोनों बाहुबली नेताओं की रिहाई के लिए चलाए जा रहे अभियान का नेतृत्व कृष्णा सिंह कल्लू कर रहे हैं। उन्होंने शनिवार को मीडिया को बताया कि वह ऊंची जाति के नेताओं के लिए लड़ने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हैं। स्वर्ण क्रांति दल के प्रमुख होने का दावा करने वाले कल्लू ने कहा, राज्य सरकार को उन्हें छोड़ना ही पड़ेगा।

वहीं, सत्तारूढ़ महागठबंधन के नेताओं ने ऐसी मांगों को खारिज कर दिया। जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने कहा, इसका कोई मतलब नहीं है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत आनंद को जेल से रिहा किया गया। इन नेताओं ने अपनी जेल की अवधि पूरी नहीं की है।

## BRIEF NEWS

### लखीसराय में पत्नी व बच्चों ने ही मिलकर मजदूर की बेरहमी से कर दी हत्या, तीन गिरफ्तार



**LAKHISARAI :** लखीसराय के मानिकपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत कवादपुर पंचायत के वार्ड संख्या 01 लक्ष्मीपुर गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर पत्नी एवं बच्चों ने मिलकर एक 45 वर्षीय युवक को उसके घर में ही हथौड़ी से पीटकर एवं चाकू से गोदकर मार डाला। घटना शनिवार देर रात करीब 2:00 बजे की बताई जा रही है।

**असम में मजदूरी करता था मृतक :** मृतक की पहचान लक्ष्मीपुर गांव के स्वर्गीय दरबारी महतो के पुत्र गुलशन महतों उर्फ गुलो महतों के रूप में किया गया।मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी बबीता देवी एवं उसके 1 पुत्र व पुत्री को गिरफ्तार किया है। मानिकपुर थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल लखीसराय में पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक गुलशन महतो असम में मजदूरी करता था और वह 4 दिन पूर्व ही घर लौटा था।

**मृतक के भाई का आरोप :** मृतक के भाई भूषण कुमार का आरोप है कि उसकी भाभी बबीता देवी का चरित्र संदेहास्पद है। इसी को लेकर पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता था। शनिवार की रात मृतक की बेटी ने खाना खाने के लिए मृतक गुलशन महतो को घर में बुलाया। तभी पत्नी एवं बच्चों ने मिलकर गुलशन महतो को घर में बांधकर उसके साथ चाकू एवं हथौड़ी से बेरहमी से मारपीट की जिससे गुलशन महतो की मौत हो गई।

**घटना के बाद गांव में तनाव :** मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि मृतक की पत्नी बबीता देवी का पड़ोस के ही एक युवक से अवैध संबंध है। शनिवार की रात उक्त युवक ने भी घर में आकर मृतक गुलशन महतो के साथ मारपीट की थी। मृतक गुलशन महतो को एक पुत्र एवं दो पुत्री हैं। सभी शादीशुदा हैं। इधर ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक गुलशन महतो को उसके घर वाले घर में प्रवेश नहीं करने देते थे। हमेशा पति-पत्नी के बीच विवाद रहता था। घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है।

> **पारिवारिक विवाद को लेकर युवक की पत्नी एवं उसके बच्चों द्वारा ही हत्या की गई है। मामले को लेकर पुलिस ने पत्नी एवं उसकी एक बेटी और बेटे को गिरफ्तार किया है। तनाव को देखते हुए पुलिस एहतियात बरत रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है।**
>
> **ब्रजेश कुमार, थानाध्यक्ष माणिकपुर**

### 150 किमी का सफर तय कर गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचा प्रेमी, गांववालों ने पकड़कर करा दी शादी



**BETTIAH :** बिहार के बेतिया में अजब प्रेम की गजब कहानी देखने को मिली। एक 34 साल की प्रेमिका को 24 वर्ष के प्रेमी के साथ परिजनों ने पकड़ लिया। इसके बाद परिजनों ने दोनों को पकड़कर शिव मंदिर में शादी करवा दी। बताया जा रहा है कि पूरा मामला नवलपुर ओपी थाना क्षेत्र के सेमरी मन गांव का है। एक प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए 150 किमी का सफर तय करके मिलने के लिए पहुंचा था। घरवालों ने उसे महिला के साथ कमरे में पकड़ लिया। उसकी प्रेमिका विधवा थी। ऐसे में लोगों ने दोनों की शादी करा दी। अब दोनों की शादी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**एक साल से था संबंध :** विधवा उषा के पति का नाम स्व धर्मेंद्र चौधरी है। उसका और लड़के से संबंध एक वर्ष से था। लड़के का नाम पूर्वी चंपारण के मेहसी थाना क्षेत्र के तारा पाकड़ गांव निवासी 24 साल का लड्डू कुमार बताया जा रहा है। तीन वर्ष पहले महिला के पति की किसी बीमारी के कारण मौत हो गयी थी। महिला की एक सात साल की बच्ची है। उषा और लड्डू का प्यार जब परवान चढ़ा तो दोनों का मिलना जुलना शुरू हो गया। पिछले एक साल में दोनों कई बार मिल चुके थे। हालांकि, इसके बारे में घर के लोगों को कोई जानकारी नहीं थी।

**उषा की बहन का देवर है लड्डू :** परिजनों ने बताया कि उनका परिवार लड्डू को जानता है। वो उषा की बहन का देवर है। लड्डू उषा के साथ उसकी बच्ची को भी अपनाने के लिए तैयार था। मगर, दोनों समाज के डर से एक नहीं हो रहे थे। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि महिला की शादी में गांव के सभी लोगों ने चंदा दिया। शादी के बाद उषा को लड्डू के साथ भेज दिया गया था।

### शराबबंदी वाले राज्य में बीयर लूटने की मची होड़, पूर्णिया में दिखा गजब नजारा



**PURNIA :** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बीच नेशनल हाईवे पर बड़ी संख्या में लोग बीयर लूटते हुए दिखे। नजारा कुछ ऐसा था कि वहां लोगों की भीड़ लग गयी। घटना रविवार सुबह की बतायी जा रही है। अररिया-पूर्णिया मार्ग ठ्ठ 57 पर शिशाबाड़ी चौक से लगे पूल के पास एक बीयर लदी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गयी। ट्रक के पलटते ही, ड्राइवर और खलासी वहां से भाग गए। बीयर लदी ट्रक पलटने की खबर पूरे गांव में जंगल के आग की तरह फैल गयी। देखते ही देखते, वहां बड़ी संख्या में लोग बीयर लूटने के लिए इक्ठा हो गए।

**पुलिस के पहुंचने पर भाग गये लोग :** घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। इसके बाद, स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। तब तक बड़ी संख्या में बीयर की बोतलों को लोगों ने लूट लिया था। पुलिस के पहुंचते ही, लोग भाग खड़े हुए। घटना के बारे में एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे एक ट्रक अररिया से पूर्णिया की ओर जा रही थी। वह अचानक अनियंत्रित होकर पलट गयी थी। ट्रक के पलटते ही, ड्राइवर और खलासी तुरंत वहां से लोगों से बचकर भाग निकले। कई लोग वहां झोला में बीयर की बोतल भरकर ले जाते हुए दिखे।

**बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया ट्रक :** पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के बारे में जानकारी मिलते ही, टीम घटना स्थल पर पहुंच गयी। मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। ट्रक पलटने से उसका कैरियर पूरी तरह से टूट गया था। इससे बीयर की बोतलें बाहर गिर गयी। इसे कुछ लोग उठाकर ले गए हैं। हालांकि, पुलिस ने पहुंचने के बाद लोगों भाग खड़े हुए। मामले की जांच की जा रही है। जिन लोगों के पास बीयर की बोतलें होंगी उन्हें भी पकड़ने की कोशिश की जाएगी।

# उप्र में मुख्तार और बृजेश से भी बड़े माफिया!

उत्तर प्रदेश में ऊधम सिंह, मुख्तार अंसारी, बृजेश सिंह और सुंदर भाटी से भी बड़े माफिया मौजूद हैं। उनका नाम न तो पुलिस फाइलों में है और न मीडिया की फेहरिस्त में। फिलहाल उत्तर प्रदेश शासन ने उनको सूचीबद्ध भी नहीं किया है। उनकी बेनामी संपत्ति कई हजार करोड़ों में है। जी हां, मैं बात कर रहा हूं ऐसे माफिया के बारे में जो अदृश्य है पर सबसे ज्यादा मालदार और ताकतवर वही है। ये ऐसे राजनेता और ब्यूरोक्रेट हैं, जिन्होंने प्रदेश में माफिया का संरक्षण और संवर्धन किया। इसके बदले में उन्होंने न केवल अपनी तिजोरियां भरीं, बल्कि हजारों करोड़ों रुपये की नामी एवं बेनामी अकूत संपत्ति इकट्ठा कर ली। आज इनमें से ही कई नेता माफिया के खिलाफ कार्रवाई होने पर अपनी छातियां पीट रहे हैं। सवाल यह है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जो प्रदेश में सक्रिय माफिया की सूची जारी की है, क्या महज उसके खात्मे के बाद प्रदेश आतंक मुक्त हो जाएगा? सवाल यह भी है कि क्या कोई व्यक्ति बिना राजनीतिक और अफसरशाही के संरक्षण के माफिया बन सकता है? अगर नहीं तो फिर सबसे बड़े अदृश्य माफिया पर उदासीनता कैसी? हाल ही में अतीक अहमद, अशरफ, असद अहमद और गुलाम मोहम्मद के मारे जाने के बाद प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्षी नेताओं ने जमकर हंगामा बरपाया। इनके मारे जाने के बाद प्रदेश पुलिस ने 61 माफिया की एक नई सूची तैयार की है। इनमें शराब कारोबारी, अवैध खनन कारोबारी भी हैं। सहायक पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार (कानून एवं व्यवस्था) का कहना है कि माफिया से 500 करोड़ रुपये की संपत्ति जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। इस सूची में ऊधम सिंह, मुख्तार अंसारी, बृजेश सिंह और सुंदर भाटी के अलावा सुनील राठी, राजन तिवारी, गुड्डू सिंह, सुभाष ठाकुर, सुधाकर सिंह, देवेंद्र सिंह, पूर्व सांसद रिजवान जहीर, हाजी इकबाल, अनिल दुजाना, सुनील राठी और अनुपम दुबे आदि के नाम शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कह चुके हैं कि माफिया को मिट्टी मे मिला देंगे और प्रदेश को माफिया मुक्त बना कर रहेंगे। आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च 2017 से अब तक पुलिस और बदमाशों के बीच 10,933 मुठभेड़ हो चुकी हैं। इनमें 183 कुख्यात अपराधी और 13 पुलिस कर्मचारी मारे जा चुके हैं। इन मुठभेड़ों में 23 हजार से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुख्यमंत्री की प्रदेश को माफिया मुक्त बनाने की मंशा का स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन सवाल यह है कि आज जितने अपराधी माफिया बन चुके हैं, वे एक दिन की उपज नहीं हैं। इनका साम्राज्य (अवैध कारोबार, रंगदारी, दबंगई, अवैध कब्जा इत्यादि) राजनेताओं के संरक्षण और अधिकारियों की शह पर ही मजबूत हुआ है। यह बात भी सोलह आने खरी है कि अधिकारियों एवं राजनेताओं ने यह काम मुफ्त में नहीं किया होगा। उन्होंने इसके बदले मोटी कमाई की है।

# हादसों का सिलसिला

अब यह एक सामान्य निष्कर्ष है कि इस तरह के हादसों में जितने लोगों की मौत होती है, उनमें से ज्यादातर की जान सिर्फ कुछ सावधानी के जरिए बचाई सकती है। लेकिन कोताही नहीं रुक रही है। अच्छी सड़कों को विकास के एक मानक के तौर पर देखा जाता है। लेकिन इनका इस्तेमाल करने वाले लोग अगर सफर के सलीके और कायदों को ताक पर रखते हैं, उसका नतीजा कभी भी सुखद नहीं हो सकता। आए दिन इस मसले पर अध्ययनों में यह बताया जाता रहा है कि बहुत मामूली लापरवाही की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं में जिस पैमाने पर लोगों की जान चली जाती है, वह चिंता की बात है। लेकिन ऐसा लगता है कि ये आंकड़े न सरकार को ज्यादा चिंतित करते हैं, न लोग इससे सबक लेते हैं। बेहद अफसोसजनक यह भी है कि इस तरह के हादसों में न केवल वयस्क लोगों की जान जा रही है, बल्कि उनके साथ सफर करने वाले बच्चे भी नाहक ही जान गंवा बैठते हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अकेले दिल्ली में पिछले तीन साल में एक से सत्रह वर्ष तक की उम्र वाले एक सौ इकसठ बच्चों की जान चली गई। अब यह एक सामान्य निष्कर्ष है कि इस तरह के हादसों में जितने लोगों की मौत होती है, उनमें से ज्यादातर की जान सिर्फ कुछ सावधानी के जरिए बचाई सकती है। लेकिन इस मामले में बरती जाने वाली बहुस्तरीय कोताही के चलते अव्वल तो हादसों की रफ्तार पर रोक नहीं लग पा रही है और न ही इसमें मरने वालों को बचाया जा पाता है। यह छिपा नहीं है कि वाहनों के आपस में टकरा जाने और उसमें किसी के बुरी तरह घायल होने में सबसे बड़े कारकों में यातायात नियमों का पालन नहीं करना, निर्धारित से ज्यादा तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना, हेलमेट और अन्य सुरक्षा यंत्र पहनने को लेकर लापरवाही बरतना मुख्य हैं। जबकि सड़क पर चंद पलों के भीतर उचित निर्णय लेने में असंतुलन की वजह से बड़े हादसे हो जाते हैं और उसके बाद ये कारक किसी के जिंदा बचने की रही-सही उम्मीद खत्म कर देते हैं। यह बेवजह नहीं है कि अब सड़कों पर वाहन चलाने के मामले में नए सिरे से नियम सख्त करने, दोपहिया पर बच्चों के लिए हेलमेट अनिवार्य करने जैसे उपायों को अनिवार्य बनाने की बात उठ रही है।

# सदियों में होते हैं मधु लिमये जैसे जन नेता पैदा


## MY STORY



✍ आर.के. सिन्हा

**01 मई 1922 को जन्मे मधु लिमये मूल रूप से पुणे के थे। एक मराठी व्यक्ति का बिहार से चार बार चुनाव जीतना अपने आप में अनोखा है। राज्यसभा में ऐसे कई दूसरे नेता हुए हैं, लेकिन लोकसभा में ऐसे उदाहरण कम ही देखे गए हैं। लिमये का बचपन महाराष्ट्र में बीता। उनकी पूरी पढ़ाई भी वहीं से हुई। वो महाराष्ट्र की राजनीति में भी सक्रिय थे। लिमये समाजवादी विचारधारा से आते थे और गोवा लिबरेशन जैसे अनेक आंदोलनों का भी हिस्सा बने थे। लेकिन जब राष्ट्रीय राजनीति में उन्होंने कदम रखा तो चुनाव लड़ने के लिए बिहार को ही चुना। पहली बार वो 1964 में मुंगेर से उपचुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। 1964 में सोशलिस्ट पार्टी और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी का विलय हुआ और यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी बनी। मधु लिमये पहली बार यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर लोकसभा गए थे। इस जीत के बाद, वह यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष भी बने।**

स्मृति शेष हो चुके मधु लिमये उन नेताओं में हैं जिनसे मतभेद होने पर भी आप उनका सम्मान करना नहीं छोड़ पाते। उनके ज्ञान और सादगी से आप बिन प्रभावित हुए नहीं रह सकते थे। वे उद्भट् विद्वान, चिंतक, देश-विदेश की राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, ज्वलंत समस्याओं और उसके निदान पर विपुल साहित्य के रचनाकार थे। उनकी बुद्धिमत्ता, प्रखरता, ध्येयनिष्ठा और समर्पण के कारण 25 वर्ष के मधु लिमये को जयप्रकाश नारायण और डॉक्टर राम मनोहर लोहिया ने एशियन सोशलिस्ट कॉन्फ्रेंस का सचिव बनाकर रंगून भेजा। 1947 में एंटवर्प मे सोशलिस्ट इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में के रूप में मधु लिमये ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। 01 मई 1922 को जन्मे मधु लिमये मूल रूप से पुणे के थे। एक मराठी व्यक्ति का बिहार से चार बार चुनाव जीतना अपने आप में अनोखा है। राज्यसभा में ऐसे कई दूसरे नेता हुए हैं, लेकिन लोकसभा में ऐसे उदाहरण कम ही देखे गए हैं। लिमये का बचपन महाराष्ट्र में बीता। उनकी पूरी पढ़ाई भी वहीं से हुई। वो महाराष्ट्र की राजनीति में भी सक्रिय थे। लिमये समाजवादी विचारधारा से आते थे और गोवा लिबरेशन जैसे अनेक आंदोलनों का भी हिस्सा बने थे। लेकिन जब राष्ट्रीय राजनीति में उन्होंने कदम रखा तो चुनाव लड़ने के लिए बिहार को ही चुना। पहली बार वो 1964 में मुंगेर से उपचुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। 1964 में सोशलिस्ट पार्टी और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी का विलय हुआ और यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी बनी। मधु लिमये पहली बार यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर लोकसभा गए थे। इस जीत के बाद, वह यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष भी बने।



मधु लिमये के दिल में बसता था बिहार, जहां से लोकसभा में पहुंचे थे। उन्हें बिहार के समाज और संस्कृति की गहरी समझ थी। मधु लिमये ने एक बार बताया था कि गर्मियों में बिहारियों को लगातार मीठे आम मिल जाएं तो वह तृप्त हो जाते हैं। इसी क्रम में वे जदालु आम के स्वाद पर बोले। उन्होंने बताया था कि जदालु आम का स्वाद और खुशबू अद्वितीय होती है। स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा, तीन विदेशी साम्राज्यों ब्रिटिश, पुर्तगाली, नेपाली हुकूमत की बर्बरता के खिलाफ लड़कपन से ही जूझने वाले मधु लिमये सच्चे गांधीवादी थे। उन्हें 1940 में विश्व युद्ध के समय 18 वर्ष की उम्र में अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ भाषण देने के कारण एक साल के सश्रम कारावास की सजा मिली। भारत छोड़ो आंदोलन में 1943 में गिरफ्तार होने पर 1945 में जेल से छूटे। 1955 में गोवा मुक्ति आंदोलन में भाग लेने के कारण 12 वर्ष की सजा सुनाई गई। 1958 में सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष बने। उन्होंने नागरिक आजादी के हक में, गैर बराबरी, जुल्म, अन्याय, जातिवाद, सांप्रदायिकता के खिलाफ तथा समाजवादी व्यवस्था की स्थापना में अपनी जिंदगी खपा दी। जन सवालों के लिए संघर्ष करने के कारण 1959 में हिसार (पंजाब) पहुंचे और 1968 में लखीसराय (बिहार) तथा 1970 में मुंगेर, बिहार। भारतीय संसद के इतिहास में मधु जी ने एक और ऐतिहासिक कार्य 1975 में आपातकाल लागू होने के बाद संसद की अवधि 5 साल के स्थान पर 6 साल करने को असंवैधानिक घोषित करते हुए, संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। वे सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, त्याग, सादगी मितव्ययिता के उच्च मानदंड, के प्रतीक भी हैं। उन्होंने समाजवादी दर्शन, सिद्धांत, विचारों, नीतियों को न केवल गढ़ा उसको अमलीजामा देने, हजारों कार्यकताओं को प्रशिक्षित करने और उस मार्ग पर चलने के लिए तमाम उम्र अलख भी जगाई। मधु जी की जीवनसंगिनी आदरणीय चंपा लिमये के योगदान और त्याग को भी हम कभी भुला नहीं सकते। मधु लिमये के राजधानी के नार्थ एवेन्यू, वेस्टर्न कोर्ट और पंडारा रोड के घरों में शाम को अवश्य ही बैठकी जमती। उसमें दिल्ली यूनिवर्सिटी तथा जेएनएयू के अध्यापक, विद्यार्थी, संपादक और उनके अन्य मित्र हुआ करते थे। उनके घर में आने वाले अतिथियों को चाय चंपा जी ही बनाकर पिलाया करती थीं। गर्मियों में सुराही का पानी पीकर लोग अपनी प्यास बुझाते थे। सन 1995 में मधु जी की मृत्यु के बाद पंडारा रोड का घर खाली कर दिया गया। चंपा जी मुंबई चली गईं अपने बेटे के पास। इस बीच, पंडारा रोड में रहने वाले लिमये जी के नाम पर एक सड़क का नामकरण चाणक्यपुरी इलाके में हुआ। यह बात समझ से परे है। मधु जी के नाम पर जनपथ, पंडारा रोड या लोधी रोड के आसपास ही किसी सड़क का नाम रखा जा सकता था। मधु लिमये चार बार लोकसभा सदस्य रहे पर स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व सांसद की पेंशन कभी नहीं ली। लेखन कार्य के मेहनताने से ही जिंदगी चलाते थे। सिद्धांत से कभी समझौता नहीं किया। दो बार विदेश मंत्री बनने का प्रस्ताव ठुकराया। लोकसभा चुनाव हारने पर राज्यसभा में जाने से इंकार किया। मधु जी को सत्ता का मोह विचलित नहीं कर सका। वे महात्मा गांधी, आचार्य नरेंद्र देव, जयप्रकाश नारायण, डॉ. राम मनोहर लोहिया, अच्युत पटवर्धन, युसूफ मेहर अली की परंपरा के वारिस की भूमिका को भी आपने बखूबी निभाया। उन्होंने अपने जीवन में न्यूनतम लिया अधिकतम दिया और श्रेष्ठतम जिया। मधु जी के सरकारी निवास में भारत के प्रधानमंत्री बने नेता चौधरी चरण सिंह, वीपी सिंह और चंद्रशेखर अक्सर सलाह मशविरा करने के लिए आते थे। मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों, संसद सदस्यों, एमएलए की तो कोई गिनती ही नहीं थी। मधु जी को कला और संगीत की भी गहरी समझ थी। उनके पास भीमसेन जोशी, कुमार गंधर्व, मलिकार्जुन मंसूर, डागर बंधु, जितेंद्र अभिषेकी, गंगूबाई हंगल, यामिनी कृष्णमूर्ति , सोनल मानसिंह, उमा शर्मा जैसे अनेकों कलाकार संगीत की बारीकियों पर चर्चा करने के लिए आया करते थे। मधु जी के घर में सरकारी बेंत का फर्नीचर बिछा रहता था। उनके पास एक पुराने किस्म का एक टेप रिकॉर्डर था। आनंद की हिलोरें लेने के लिए वे अपने मनपसंद कैसेट को लगाकर शास्त्रीय संगीत सुनते थे। कई बार उनके मित्र, अनुयायी उनसे शिकायत करते कि मधु जी बड़ी गर्मी है। हम आपके लिए एयर कंडीशन ला देते हैं। फ्रिज भिजवा देते हैं। परंतु मधु लिमये की प्यास और चाहत कुछ अलग ही थी।

उन्होंने लिखा है- शेक्सपियर की सभी रचनाओं, महाभारत और ग्रीक दुखांत रचनाओं के साथ मुझे एकांत आजीवन कारावास भुगतने में खुशी होगी।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# अपनी भाषा में शिक्षा का पूरा होता सपना

भारतीय भाषाओं में पढ़ने-लिखने वालों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने एक और सौगात दी है। उसने सभी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों से स्थानीय भाषाओं में शिक्षा उपलब्ध कराने को कहा है। विद्यार्थियों को यह सहूलियत भी दी गई है कि भले ही वे अंग्रेजी माध्यम में पढ़ते रहे हों, लेकिन चाहें तो परीक्षा अपनी मातृभाषा में दे सकते हैं। 1916 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के एक समारोह में महात्मा गांधी ने अपनी भाषाओं में पढ़ाने पर जोर दिया था। उन्होंने छात्रों से अपील की थी कि यदि उनकी अपनी भाषा में पढ़ाई नहीं होती तो वे इसके लिए आंदोलन करें। राममनोहर लोहिया भी लगातार अपनी भाषाओं के लिए संघर्षरत रहे। उनका तो यह भी मानना था कि अंग्रेजी ही भ्रष्टाचार की जननी है, क्योंकि जब जनता की समझ में ही नहीं आता कि क्या लिखा गया है, कोर्ट-कचहरी में क्या बहस हो रही है तो उसे गुमराह करना आसान हो जाता है। शिक्षाविद् दौलत सिंह कोठारी ने 1966 में शिक्षा आयोग के चेयरमैन के रूप में सिफारिश की थी कि न केवल स्कूली शिक्षा, बल्कि उच्च शिक्षा भी अपनी भाषाओं में दी जाए और सभी के लिए समान शिक्षा हो, लेकिन इस बीच यह सपना इतना कमजोर होता गया कि कई निजी स्कूलों में हिंदी बोलना भी अपराध घोषित कर दिया गया। अफसोस की बात तो यह है कि स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी की दुहाई देने वाले बुद्धिजीवी टुकुर-टुकुर देखते रहे। प्रत्येक स्वाभिमानी देश की आत्मा कभी न कभी जागती है। शायद भाषा के मामले में अब समय आ गया है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक कदम उठाए गए हैं, जिनसे गांव के गरीब घरों के छात्र भी अपनी भाषा के बूते आगे बढ़ सकते हैं। प्रतिभा सिर्फ अंग्रेजी वालों में ही नहीं होती। कोठारी आयोग ने 1979 में इसी स्थापना से सिविल सेवा परीक्षाओं में भारतीय भाषाओं की शुरूआत कराई। हालांकि इस दिशा में जितनी उम्मीद थी, उतनी प्रगति तो नहीं हुई, लेकिन प्रयास जारी हैं। हाल में अर्धसैनिक बलों में भर्ती के लिए केंद्र सरकार ने कर्मचारी चयन आयोग से 13 भारतीय भाषाओं में भर्ती परीक्षा कराने को कहा है। कर्मचारी चयन आयोग द्वारा बैंकिंग और रेलवे में अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी और दूसरी भाषाओं में भर्ती परीक्षा कराने की शुरूआत कई वर्ष पहले हो चुकी है। न केवल सामान्य नौकरियों की परीक्षाएं, बल्कि मेडिकल और इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षाओं में भी भारतीय भाषाएं लगातार आगे बढ़ रही हैं। मेडिकल की नीट परीक्षा छह भाषाओं से शुरू होकर अब 13 भाषाओं में हो रही है। कोर्ट-कचहरी में भी भारतीय भाषाओं के कुछ कदम पड़े हैं। दो महीने पहले मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा सुप्रीम कोर्ट के महत्वपूर्ण निर्णयों को भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने का फैसला इसका प्रमाण है। इससे उच्च न्यायालय भी अपने-अपने राज्यों की भाषाओं में निर्णय देने के लिए प्रोत्साहित हुए हैं। हाल में केरल हाई कोर्ट ने पहली बार अपना निर्णय मलयालम भाषा में लिखा। इसी तरह उत्तर भारत की निचली अदालतों से हिंदी में निर्णय की खबरें उत्साह जगाती हैं, लेकिन दिल्ली अभी भी दूर है। इसका कारण शिक्षा में भारतीय भाषाओं विशेषकर हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी के प्रति उपेक्षा का भाव है। इसे रोकना होगा। लगभग पूरे दक्षिण भारत में उनकी प्रादेशिक भाषाएं दसवीं तक अनिवार्य हैं। लगभग 80 प्रतिशत बच्चे 12वीं कक्षा में भी चाहे वे विज्ञान ही क्यों न पढ़ रहे हों, अंग्रेजी के साथ-साथ एक प्रादेशिक भाषा जैसे-कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलुगु, मराठी पढ़ते हैं, मगर उत्तर भारत में स्थिति निराशाजनक है। दिल्ली के कई निजी स्कूलों में 12वीं में तो हिंदी पढ़ाई ही नहीं जाती। नौवीं और दसवीं में भी अंग्रेजी के साथ दूसरी भाषा के रूप में जर्मन, फ्रेंच और जापानी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यहां तक कि उदारवाद का झंडा फहराते जेएनयू, जामिया और दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे नामी संस्थानों में भी हिंदी और भारतीय भाषाएं लगभग नदारद हैं। दिल्ली में बैठी सरकारें क्यों इस ओर आंखें मूंदे बैठी हैं? अंग्रेजी और विदेशी भाषाओं को पढ़ाने के कारण ही शिक्षा निजी क्षेत्र में एक धंधा बनती जा रही है। आजकल दिल्ली और पंजाब की सरकारों में अपने शिक्षकों को फिनलैंड भेजने की होड़ मची है। फिनलैंड की शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है अपनी भाषा में शिक्षा। क्या दिल्ली सरकार इसे शुरू भी कर पाई है? फिनलैंड की शिक्षा का एक और महत्वपूर्ण पक्ष है योग्य शिक्षकों की भर्ती। इस दौरान उन्हें मनोविज्ञान, बाल विज्ञान और विषय ज्ञान से जुड़ी कई परीक्षाओं से गुजरना होता है। हमारे देश में शिक्षकों की भर्ती के तरीके से हम सब वाकिफ हैं। बंगाल इसका ताजा उदाहरण है। जाहिर है केवल विदेश में चंद लोगों को भेजने से शिक्षा का स्तर नहीं सुधर सकता। विदेशी विश्वविद्यालयों की शुरूआत कहीं अंग्रेजी की दौड़ को और तेज न कर दे इसलिए सरकार और समाज, दोनों को सचेत रहने की जरूरत है। इन्हीं सब कारणों से देश में शिक्षा का स्तर लगातार गिरता गया है। बच्चों में रचनात्मकता और ज्ञान के प्रति नवोन्मेष भी समाप्त हो रहा है। महात्मा गांधी ने कहा था कि विदेशी भाषा का दबाव छात्रों को ह्यरट्टू तोताह्ल बना देता है। इससे उनकी रचनात्मकता बाहर नहीं आ पाती। इसलिए यूजीसी के केवल आदेश से काम नहीं चलेगा। केंद्र सरकार को इसके कार्यान्वयन के लिए भी एक नियामकीय संस्था बनानी होगी। यहां किसी भाषा को लादने का प्रश्न नहीं है, बल्कि शिक्षा, शोध, प्रशासन और न्यायालय में भारतीय भाषाओं में उस लोक का हक दिलवाना है, जिसे हम लोकतंत्र कहते हैं।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



जब महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने की बात आती है, तो भारत के लोगों ने असाधारण काम किया है। ऐसा ही एक प्रयास प्रदीप सांगवान जी का है, जो स्वच्छता को बढ़ावा देने वाले और पर्यटन को बढ़ावा देने वाले अपने काम के बारे में बताते हैं

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



पंजाब के लुधियाना में हुई गैस लीक की दुर्घटना दु:खद है। @NDRFHQ की टीम मौके पर राहत-बचाव कार्य में जुटी हुई है। हादसे में जान गँवाने वाले लोगों के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। ईश्वर उन्हें यह दु:ख सहने की शक्ति दें। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**



अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धनवार प्रखंड के खैरवनी में बाबा साहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण एवं जनता को संबोधित किया। बाबा साहेब के विचार और आदर्श समाज के अंतिम व्यक्ति को भी सामाजिक समानता के अधिकारों को सुनिश्चित करता है। उनके विचार आज भी समाज में प्रासंगिक हैं।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# हाशिये पर मजदूर, प्रगति कैसे हो भरपूर

प्रतिवर्ष 01 मई को विश्व श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इसे बहुत जगह मई दिवस भी कहा जाता है। यह दिवस समाज के उस वर्ग के नाम है, जिसके कंधों पर सही मायनों में विश्व की उन्नति का दारोमदार है। इसमें कोई दो राय नहीं कि किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति तथा राष्ट्रीय हितों की पूर्ति का प्रमुख भार इसी वर्ग के कंधों पर होता है। वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है। श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट ने कहा था कि किसी व्यवसाय को ऐसे देश में जारी रहने का अधिकार नहीं है, जो अपने श्रमिकों से जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से भी कम मजदूरी पर काम करवाता है। जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से उनका आशय सम्मानपूर्वक जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से था।

इस दिवस पर यह जानना भी दिलचस्प है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रमिक दिवस कब से और क्यों मनाया जाता है? अमेरिका में आठ घंटे से ज्यादा काम न कराने के लिए की गई कुछ मजदूर यूनियनों की हड़ताल के बाद 01 मई 1886 को विश्व श्रमिक दिवस मनाने की शुरूआत हुई थी। दरअसल वह ऐसा समय था, जब कार्यस्थल पर मजदूरों को चोट लगना या काम करते समय उनकी मृत्यु हो जाना आम बात थी। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने, कार्य करने के घंटे कम करने तथा सप्ताह में एक दिन के अवकाश के लिए मजदूर संगठनों ने पुरजोर आवाज उठाई गई।

01 मई 1886 को हड़ताल शुरू हुई। शिकागो शहर के हेय मार्केट चौराहे पर रोज सभाएं होने लगीं। 04 मई 1886 को पुलिस यहां भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास कर रही थी। तभी किसी अज्ञात शख्स ने बम फेंक दिया। इसके बाद पुलिस ने फायरिंग की। इसमें चार मजदूर मारे गए।हालांकि उस समय अमेरिकी प्रशासन पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। लेकिन बाद में श्रमिकों के लिए आठ घंटे कार्य करने का समय निश्चित कर दिया गया। मजदूरों पर गोलीबारी और मौत के दर्दनाक घटनाक्रम को स्मरण करते हुए ही 01 मई 1886 से विश्व श्रमिक दिवस मनाया जाने लगा। 1889 में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में फ्रांसीसी क्रांति को याद करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया कि इसे ह्यविश्व मजदूर दिवसह्ल के रूप में मनाया जाए। इसके बाद 80 देशों ने 01 मई को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया।

श्रमिक वर्ग ही है, जो अपनी हाड़-तोड़ मेहनत के बलबूते पर राष्ट्र के प्रगति चक्र को तेजी से घुमाता है लेकिन कर्म को ही पूजा समझने वाला श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मई दिवस के अवसर पर देशभर में भले ही मजदूरों के हितों की बड़ी-बड़ी योजनाएं बनती हैं। लुभावने वादे किए जाते हैं। इन्हें सुनकर एकबारगी तो लगता है कि उनके लिए अब कोई समस्या नहीं बचेगी किन्तु अगले ही दिन मजदूरों को पुनः उसी माहौल से रूबरू होना पड़ता है। फिर वही शोषण, अपमान व जिल्लत भरा तथा गुलामी जैसा जीवन जीने के लिए अभिशप्त होना पड़ता है। समय-समय पर मजदूरों के लिए नए सिरे से मापदंड निर्धारित किए जाते हैं लेकिन इनको क्रियान्वित करने की फुर्सत ही किसे है?

जहां तक मजदूरों के अधिकारों का सवाल है तो कई बार वह बेमानी साबित होते हैं। अक्सर कारखानों के मालिक मनमानी कर तालाबंदी कर देते हैं।प्रायः जिम्मेदार अधिकारी आंख पर पट्टी बांधे रहते हैं। बड़ी वजह यह है कि अधिकांश ट्रेड यूनियनों के नेता भी भ्रष्ट तंत्र का हिस्सा बन गए हैं। यह लोग विभिन्न मंचों पर श्रमिक हितों के नाम पर शोर तो बहुत मचाते नजर आते हैं पर कारखानों के मालिकों के हाथों खेलते हैं।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



इंजीनियर बनने का सपना देखनेवालों के लिए सबसे महत्वपूर्ण ज्वाइंट इंट्रेंस एग्जामिनेशन यानि जेईई की परीक्षा होती है। इस साल हुई परीक्षा का परिणाम जारी हो चुका है। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई किया है। आमतौर पर पढ़े-लिखे और अमीर परिवार के बच्चे इसमें अपेक्षाकृत अधिक सफलता प्राप्त करते हैं। ग्रामीण परिवेश और निर्धन परिवारों के बच्चों के लिए यह परीक्षा किसी बड़े सपने की तरह होती रही है। इक्का-दुक्का ही अपनी मेहनत व लगन के बूते इसमें क्वालिफाई करते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से राज्य सरकार ने ग्रामीण व निर्धन परिवारों के बच्चों की सुध ली है। आकांक्षा योजना के जरिए उन्हें मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारियां कराई जा रही हैं। सुखद और उत्साहवर्धक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। जेईई मेंस 2023 की परीक्षा में राज्य स्तरीय आकांक्षा के 32 बच्चों ने सफलता का परचम लहराया है। जिला स्कूल कैंपस में संचालित राज्य स्तरीय आकांक्षा में राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे पठन-पाठन करते हैं। इन बच्चों के लिए सरकारी तौर पर पढ़ाई की व्यवस्था कराई गई है। शिक्षकों के द्वारा हरसंभव मार्गदर्शन दिया जा रहा है। आकांक्षा के हिमांशु कुमार ने ओबीसी वर्ग में 99.42 परसेंटाइल लाकर मान बढ़ाया है। जबकि धीरज बर्नवाल ने सामान्य वर्ग में 99.19 पर्सेंटाइल लाकर अपनी प्रतिभा दिखाई है। इनके अलावे पूजा रानी दास, कृष्णा कुमार महतो, मनीष कुमार, अभिषेक महतो, सोनम कुमारी, बिट्टू कुमार बर्नवाल, नरेंद्र नाथ महतो, रवि यादव, विवेक कुमार, पिंटू कुमार मंडल, सीमा कुमारी, सौरव कुमार तांती, पीयूष द्विवेदी, सुरजीत कुमार, मो औसर अंसारी, प्रिंस यादव, शंकर कुमार, जन्मजय राज, दुर्गा हाजम समेत 32 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि आकांक्षा योजना से गरीब बच्चों की आकांक्षा परवान चढ़ सकेगी।

**अमर महतो, प्रदेश महासचिव, नेशनल पीपुल्स पार्टी झारखंड।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आरसीबी के खिलाफ घरेलू मैदान पर बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी सुपर जाइंट्स

**लखनऊ (एजेंसी)।** आईपीएल में सोमवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करने उतरेगी। सुपर जाइंट्स को इस मैच में घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा।पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली जीत से भी उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। पंजाब के खिलाफ मैच में जाइंट्स के बल्लेबाजी काइल मायर्स, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन ने आक्रामक रुख अपनाया था जिससे टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। टीम की परेशानी कप्तान लोकेश राहुल के फार्म में नहीं होने से बढ़ गयी है। ऐसे में अब राहुल इस मैच में बड़ी पारी खेलकर अपने प्रशंसकों का उत्साह बनाये रखना चाहेंगे। वहीं आंकड़ों पर नजर डालें तो घरेलू पिच पर टीम अधिकतर मुकाबले हारी है और अब वह इस मैच को जीतकर अपने को सही साबित करना चाहेगी।

इससे पहले मोहाली में बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर सुपर जाइंट्स के बल्लेबाजों ने काफी रन बनाये थे पर धीमी पिच से उन्हें परेशानी हुई थी। ऐसे में राहुल और उनकी टीम को इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इससे पहले अच्छी स्थिति में होने के बाद भी 136 रन का छोटा सा लक्ष्य हासिल नहीं कर पायी थी।

स्पिनरों ने लखनऊ की पिच पर गेंदबाजी का पूरा आनंद उठाया है और स्पिनर रवि बिश्नाई ने अनुभवी अमित मिश्रा के साथ मिलकर टीम के लिए अहम भूमिका निभाई है। वहीं तेज गेंदबाज मार्क वुड की गैरमौजूदगी में अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं युवा आवेश खान ने सात मैचों में काफी रन दिये हैं और ऐसे में उनका लक्ष्य अपने आंकड़े बेहतर करना रहेगा।

वहीं दूसरी और विराट कोहली, फाफ डुप्लेसी और ग्लेन मैक्सवेल को इस मैच में अपनी मध्यक्रम ने बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। टीम का मध्यक्रम अब तक अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पाया है।




टीम प्रबंधन जानता है कि केवल कोहली, डुप्लेसिस और मैक्सवेल के भरोसे ही हर मैच नहीं जीता जा सकता। इसलिए महिपाल लोमरोर, शाहबाज अहमद और अनुभवी दिनेश कार्तिक जैसे बल्लेबाज से अब उसे रनों की उम्मीद है।

आरसीबी का क्षेत्ररक्षण भी अब तक स्तर के अनुरुप नहीं रहा है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हुए पिछले मैच में यह देखने को मिला जब टीम ने कई कैच गिराये जिससे मैच उसके हाथ से निकल गया। इस मैच में भी आरसीबी कप्तानी विराअ कोहली ही संभालेंगे। इसका कारण ये है कि डुप्लेसिस अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं और उन्हें 'इंपेक्ट प्लेयर' के रूप में उतारा जाएगा।

आरसीबी के लिए अब तक मोहम्मद सिराज ने अच्छी गेंदबाजी की है पर उन्हें अन्य तेज गेंदबाजों का साथ नहीं मिला है। हर्षल पटेल को भी गेंदबाजी मिली पर उन्होंने काफी रन दे दिये। उन्हें अपनी गेंदबाजी में सटीकता लानी होगी। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मुकाबला रोमांचक रहेगा और दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी।

## दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** लोकेश राहुल (कप्तान), काइल मायर्स, दीपक हुड्डा, कृणाल पंड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन, नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई और मयंक यादव।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर।** विराट कोहली (कप्तान), फाफ डु प्लेसिस , आकाश दीप, फिन एलेन, अनुज रावत, अविनाश सिंह, मनोज भांडगे, माइकल ब्रेसवेल, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक, सिद्धार्थ कौल, महिपाल लोमरोर, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, वेन पार्नेल, हर्षल पटेल, सुयश प्रभुदेसाई, राजन कुमार, शाहबाज अहमद, कर्ण शर्मा, हिमांशु शर्मा, सोनू यादव, विजयकुमार वैशाक और डेविड विली।

# अनिल कश्यप ने वेटरंस राष्ट्रीय टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक जीता



**जालंधर। (एजेंसी)।** असम के अनिल कश्यप ने रविवार को यहां भारतीय रिजर्व बैंक के सुधीर केसरवानी को हराकर 29वीं राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस चैंपियनशिप में 40 वर्ष से अधिक वर्ग का पुरुष एकल खिताब जीता। कश्यप ने केसरवानी को सीधे गेम में 11-6, 11-4, 11-8 से हराया। पचास वर्ष से अधिक वर्ग के पुरुष एकल फाइनल में महाराष्ट्र के मनीष रावत को बेहद करीबी मुकाबले में मलय कुमार ठक्कर ने 11-8, 9-11, 11-7, 7-11, 13-11 से शिकस्त दी।

पुरुषों के 60 वर्ष से अधिक वर्ग के एकल फाइनल में महाराष्ट्र के अनिल रसम ने पंजाब के पंकज शर्मा को 8-11, 11-2, 11-9, 9-11, 11-8 से हराया। महाराष्ट्र के प्रकाश केलकर ने 65 वर्ष से अधिक उम्र का खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में हिमाचल प्रदेश के पीटर डिसूजा को सीधे गेम में हराया। महिलाओं के एकल वर्ग के खिताब पश्चिम बंगाल की चंद्रानी डे गांगुली (40 वर्ष से अधिक) और पंजाब की रिपु दमन (50 वर्ष से अधिक) ने जीते।

# 'स्ट्रीट' फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए रोनाल्डिन्हो शुरू करेंगे लीग



**लॉस एंजिलिस। (एजेंसी)।** ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी रोनाल्डिन्हो प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों के लिए विश्वव्यापी 'स्ट्रीट सॉकर लीग' शुरू कर रहे हैं। लंबे समय तक बार्सिलोना का प्रतिनिधित्व करने वाले इस खिलाड़ी का खेल भी सड़क और गलियों में शुरू हुआ था और वह चाहते हैं कि इस तरह से खेल से जुड़ने वालों खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का वैश्विक मंच मिले।

आयोजकों ने शनिवार को बताया कि यह वैश्विक स्ट्रीट लीग '2023 के आखिर' में शुरू होगी। शुरुआत में इसमें सोशल मीडिया के जरिये खिलाड़ियों को परखा जायेगा, जहां सभी उम्र के 'स्ट्रीट' फुटबॉल खिलाड़ी प्रतियोगिता की टीमों में से एक में शामिल होने के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ कौशल और खेल के तरीकों का वीडियो अपलोड कर सकते हैं।

दुनिया भर के प्रमुख शहरों में इसके मैचों और कौशल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इस प्रतियोगिता में टीमें 'आरजीएसएल (रोनाल्डिन्हो ग्लोब स्ट्रीट टीम) चैंपियंस' के खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। अपने करियर के दौरान दो बार विश्व के साल के सर्वश्रेष्ट खिलाड़ी रहे रोनाल्डिन्हो ने कहा, ''हम मानते हैं कि इस क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं और यह भविष्य के खिलाड़ियों का समर्थन करने का एक शानदार मौका होगा।

# आखिरी गेंद पर सिकंदर रजा ने पलट दी बाजी, तीन रन दौड़कर पंजाब को जिताया मैच

**मुंबई (एजेंसी)।** रविवार को आईपीएल 2023 के 41वें मैच में पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को रोमांचक मैच में 4 विकेट से मात दी। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 201 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में पंजाब किंग्स ने यह लक्ष्य आखिरी गेंद पर जीत लिया। पंजाब को आखिरी ओवर में 9 रनों की जरूरत थी। ओवर की पहली गेंद पर सिकंदर रजा ने 1 रन भागा और दूसरी गेंद पर शागरूख खान ने बाय का एक रन भाग लिया। इसकी अगली गेंद पर रजा कोई रन नहीं बना पाए, लेकिन इससे अगली दों गेंदों पर रजा ने 2-2 रन दौड़कर पूरे किए। अंतिम गेंद पर 3 रन चाहिए थे और रजा ने गैप में गेंद खेलकर तीन रन दोड़कर पंजाब को जीत दिलाई।

पंजाब की ओर से लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने 24 गेंदों में 42 रन बनाए, जबकि कप्तान शिखर धवन ने 15 गेंदों में 28 रन की पारी खेली। इसके बाद अथर्व तायडे ने 17 गेंदों में 13 रन और लियाम लिविंगस्टोन ने 24 गेंदों में 40 रन बनाए। सैम करन ने 20 गेंदो में 29 और जितेश शर्मा 10 गेंदों में 21 रनों की पारी खेली। अंत में शाहरूख खान ने नाबाद 2 और सिकदर रजा ने नाबाद 13 रन बनाए।



मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 200 रन बनाए थे। चेन्नई की इस धीमी, सूखी और कम उछाल वाली पिच पर डेवॉन कॉनवे ने 52 गेंदों में 16 चौके और 1 छक्के की मदद से नाबाद 92 रनों की पारी खेली। कॉनवे के अलावा रुतुराज गायकवाड़ ने 31 गेंदों में 37 रनों की पारी खेली। वहीं शिवम दुबे 17 गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हुए। मोईन अली 10 और रविंद्र जडेजा 12 रन बनाकर चलते बने। अंत में कप्तान एमएस धोनी ने 4 गेंदों में नाबाद 13 रन बनाए। पंजाब की ओर से गेंदबाजी में सैम करन, अर्शदीप सिंह, राहुल चाहर और सिकंदर रजा चारों गेंदबाजों ने 1-1 विकेट हासिल की।

# ज्योति, अर्जुन प्रधान कोच्चि मैराथन में एलीट महिला और पुरुष वर्ग की चुनौती की करेंगे अगुवाई

कोच्चि। राष्ट्रीय चैंपियन ज्योति गावटे और अर्जुन प्रधान सोमवार को यहां कोच्चि मैराथन 2023 में क्रमश: महिला और पुरुष एलीट वर्ग में चुनौती का नेतृत्व करेंगे। मैराथन की शुरुआत यहां के महाराजा कॉलेज ग्राउंड से होगी।मैराथन (42.195 किमी) के अलावा इस दौरान हाफ मैराथन (21.097 किमी), 10 किमी रन और तीन किमी ग्रीन रन की अन्य तीन श्रेणियों में दौड़ का आयोजन होगा। मैराथन में भाग लेने के लिए 20 राज्यों के छह हजार ज्यादा धावकों ने पंजीकरण कराया है। नयी दिल्ली मैराथन की विजेता ज्योति (सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो घंटे 45 मिनट 48 सेकंड) के सामने महिला एलीट वर्ग में अश्विनी जाधव और अर्पिता सैनी की चुनौती होगी। दोनों धावकों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हालांकि तीन घंटे से अधिक का है। पुरुषों के एलीट वर्ग में अर्जुन (सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनदो घंटा 20 मिनट छह सेकंड) को अनिल कुमार यादव, विपुल कुमार और नीरज कुमार मौर्य जैसे धावकों से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है। हाफ मैराथन में पुरुषों में अमरजीत सिंह चावला और महिलाओं में लता अलीमचंदानी के प्रदर्शन पर नजरें होगी।चावला दृष्टिबाधित धावक हैं लेकिन उन्होंने 146 हाफ मैराथन और 229 दौड़ में भाग लिया है। लता 60 साल से अधिक की उम्र में विश्व मैराथन मेजर पूरा करने वाली पहली भारतीय महिला है। इस आयोजन की कुल पुरस्कार राशि 10 लाख रुपये है।



# फखर के शतक से पाक ने न्यूजीलैंड को दूसरे एकदिवसीय में भी हराया

## -सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल की

रावलपिंडी। फखर जमान के नाबाद शतक 180 रनों की सहायता से पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में 7 विकेट से हरा दिया। इस मैच में कीवी टीम ने पाकिस्तान को जीत के लिए 337 रनों का विशाल लक्ष्य दिया था जिसे पाक टीम ने फखर के शतक से 48.2 ओवर में हासिल कर लिया। इसी के साथ ही पांच मैचों की एकदिवसीय सीरीज में पाक को 2-0 की बढ़त मिल गयी है। इस मैच में फखर की बल्लेबाज आकर्षण का केन्द्र रही। इस बल्लेबाज ने 144 गेंदों में ही 17 चौके और 6 छक्के लगाये। फखर के अलावा बाबर आजम ने 65 व जबकि मोहम्मद रिजवान ने नाबाद 54 रन बनाये। वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड की ओर से हेनरी शिपले, मैट हेनरी और इश सोढी को एक-एक विकेट मिला। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 336 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड की ओर से डेरिल मिचेल ने 8 चौके और 3 छक्के लगाकर 129 रन बनाए, जबकि कप्तान टॉम लेथम ने 85 गेंदों में 98 रन बनाये। वहीं चैड बोवेस ने भी 51 रनों की अर्ध शतकीय पारी खेली। वहीं अन्य बल्लेबाज नाकाम रहे। पाक की ओर से हारिश रऊफ ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। वहीं एक विकेट नसीम शाह ने लिया।



# प्लेऑफ की दौड़ में सबसे आगे बनी हुई हैं रॉयल्स, गुजरात, सुपरकिंग्स और सीएसके

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल के 16 वें सत्र के लीग स्तर के आधे से अधिक मैच हो गये हैं। इस सत्र में कप्तान रोहित शर्मा की मुम्बई इंडियंस के अलावा डेविड वार्नर की दिल्ली कैपिटल्स के साथ ही नीतीश राणा की कोलकाता नाइटराइडर्स के लिए प्लेऑफ की राह कठिन होती जा रही है। वहीं गुजरात टाइटंस, लखनऊ सुपर जायंट्स, चेन्नई सुपरकिंग्स और राजस्थान रॉयल्स प्लेऑफ की दौड़ में सबसे आगे बनी हुई हैं। कप्तान हार्दिक पंड्या की टाइटंस और लोकेश राहुल की सुपर जायंट्स ने अब तक शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने विरोधियों को कोई अवसर नहीं दिया है। इनमें शामिल देशी और विदेशी सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपरकिंग्स और संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स ने अब तक अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। सीएसके के पास जहां अच्छा बल्लेबाजी क्रम है। वहीं रॉयल्स की गेंदबाजी काफी अच्छी रही है। ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, अजिंक्य रहाणे जैसे घरेलू बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण चेन्नई 2 विदेशी विशषज्ञ गेंदबाजों के साथ मैदान में है।

वहीं दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स की बल्लेबाजी अच्छी रही है। उसके बल्लेबाज जॉस बटलर, यशस्वी जायसवाल, कप्तान संजू सैमसन, देवदत्त पडिक्कल, शिमरन हेटमायर, ध्रुव जुरेल सभी अच्छे फॉर्म में हैं। वहीं गेंदबाजी में जिस टीम के पास ट्रेंट बोल्ट और संदीप शर्मा के अलावा युजवेंद्र चहल, रविचंद्रन अश्विन, एडम जंपा जैसे स्पिनर हैं। इससे टीम का गेंदबाजी आक्रमण विरोधी टीम के बल्लेबाजों के लिए मुश्किल बनता जा रहा है।



वहीं दूसरी ओर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइटराइडर्स, मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल अंक तालिका में 5वें से 10वें नंबर पर तक बनी हुई हैं। इसमें से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पास ऊपर आने का अवसर है। टीम के पास बल्लेबाजी में कप्तान फाफ डू प्लेसी, विराट कोहली और ग्लेन मैक्सवेल जैसे बल्लबाज हैं। वहीं गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, जेसन बेहरनडॉर्फ, डेविड विली, वानिंदु हसरंगा आदि हैं हालांकि टीम का मध्यक्रम कमजोर बना हुआ है जिससे टीम को अपेक्षा के अनुरुप सफलता नहीं मिली है।


# विश्व शतरंज चैंपियनशिप : अब टाईब्रेक से मिलेगा नया विश्व विजेता




अस्ताना, कज़ाकिस्तान । दुनिया को विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2023 का विजेता मतलब 17वां विश्व शतरंज चैम्पियन अब टाईब्रेक के बाद मिलेगा । विश्व शतरंज चैंपियनशिप का 14वां राउंड 7.30 घंटे के मैराथन मुक़ाबले के बाद बेनतीजा रहा। अंतिम राउंड में सफ़ेद मोहरो से खेल रहे चीन के डिंग लीरेन नें रूस के यान नेपोमनिशी के खिलाफ निमजो इंडियन ओपनिंग में कुछ अलग करने की कोशिश की और खेल की 12 वीं चाल में अपने घोड़े को नेपो के राजा की ओर चला खैर नेपो के शानदार बचाव के चलते बाजी धीरे धीरे उनके पक्ष में झुकने लगी और 30वीं चाल में डिंग की हाथी की गलत चाल के बाद ऐसा लगा की नेपो शायद आज विश्व चैम्पियन बन जाएँगे पर इसके बाद नेपो अपनी बढ़त का फायदा नहीं उठा सके और डिंग नें बेहतरीन बचाव किया मैच 90 चालों तक चला और बेनतीजा रहा । अब दोनों के बीच कल पहले 25 मिनट के चार रैपिड मुक़ाबले खेले जाएँगे परिणाम नहीं आने पर पहले 5 मिनट 3 सेकंड के ब्लिट्ज़ के जरिये और फिर भी परिणाम ना आने वाले 3 मिनट +2 सेकंड के ब्लिट्ज़ के जरिये विश्व विजेता का फैसला होगा ।

# रोमा और एसी मिलान ने 1-1 से ड्रॉ खेला

मिलान। रोमा और एसी मिलान ने इंजरी टाइम में गोल दागते हुए शनिवार को यहां सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ से दोनों टीम के बीच चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ रोमांचक हो गई है। ट्रैमी अब्राहम ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में जब गोल दागा तो उन्हें लगा होगा कि उन्होंने रोमा की जीत सुनिश्चित कर दी है लेकिन तीन मिनट बाद एलेक्सिस सेलेमेकर्स ने एसी मिलान को बराबरी दिला दी। मिलान और रोमा दोनों के 32 मैच मैच में समान 57 अंक हैं। दोनों टीम के बीच सत्र का पहला मैच भी जनवरी में 2-2 से ड्रॉ रहा था जबकि दोनों का गोल अंतर भी समान है। ऐसे में सत्र में रोमा से आठ गोल अधिक करने के कारण मिलान की टीम चौथे नंबर पर है। शीर्ष चार टीम चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करेंगी।



# अब विश्व चैंपियनशिप पर है भारत के मुक्केबाजों की नजर, टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करना मकसद

**ताशकंद (एजेंसी)।** भारतीय मुक्केबाज सोमवार से यहां शुरू हो रही पुरुषों की विश्व चैंपियनशिप के लिए जब रिंग में उतरेंगे तो उनकी कोशिश पिछले सत्र में हासिल किये गये एक कांस्य पदक से बेहतर प्रदर्शन करने की होगी। इस प्रतियोगिता से ओलंपिक का कोई कोटा नहीं मिलेगा लेकिन मुक्केबाज सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों से पहले विश्व चैंपियनशिप में कड़ी चुनौती का सामना करेंगे। इससे एशियाई खेलों की उनकी तैयारी बेहतर होगी जो पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धा है। ओलंपिक में पुरुषों के लिए संशोधित भार वर्ग 13 से घटाकर सात कर दिये गये हैं। इसमें 51 किग्रा, 57 किग्रा, 63.5 किग्रा, 71 किग्रा, 80 किग्रा, 92 किग्रा, 92 से अधिक किग्रा का भार वर्ग शामिल है।

अमित पंघल की गैरमौजूदगी में भारत की उम्मीदें छह बार के एशियाई चैंपियनशिप के पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा) पर टिकी होंगी। पंघल ने 2019 में देश के लिए पहला रजत जीता था जबकि पिछले सत्र में आकाश कुमार ने देश के लिए इकलौता पदक (कांस्य) जीता था। शिव 2015 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने का स्वाद चख चुके है और वह इस बार अपने पदक का रंग बदलने के लिए बेताब होंगे। शिव के साथ मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और आशीष चौधरी (80 किग्रा) टीम के अन्य अनुभवी खिलाड़ी है। हुसामुद्दीन दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता हैं जबकि आशीष एशियाई चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता हैं।

आशीष ने तोक्यो ओलंपिक में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। वह दूसरी बार इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे और अपने नाम एक और बड़ा पदक जोड़ना चाहेंगे। भारतीय दल में 2021 विश्व युवा चैम्पियन सचिन सिवाच (54 किग्रा) और हर्ष चौधरी (86 किग्रा) जैसे युवा मुक्केबाज भी हैं जो पहली बार इस वैश्विक स्पर्धा में भाग लेंगे। स्ट्रैंड्जा मेमोरियल रजत पदक विजेता गोविंद साहनी (48 किग्रा) भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। युवा मुक्केबाज वरिंदर सिंह (60 किग्रा), आकाश सांगवान (67 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा) और सुमित कुंडू (75 किग्रा) की चौकड़ी अपनी दूसरी विश्व चैंपियनशिप में पिछले अनुभव का फायदा उठाकर बेहतर करना चाहेगी। मुक्केबाजों के साथ सीए कुट्टपा की मुख्य कोच के रूप में वापसी हुई है। मार्च में हुई महिला विश्व चैंपियनशिप की तरह इस स्पर्धा में कई देश के मुक्केबाज भाग नहीं लेंगे। रूस के उमर क्रेमलेव की अध्यक्षता वाले अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की सिफारिश के उलट इस स्पर्धा में रूस और बेलारूस के मुक्केबाजों को अपने राष्ट्रीय ध्वज के तहत खेलने की अनुमति दी है।

इसके विरोध में ब्रिटेन, यूक्रेन, चेक गणराज्य, कनाडा, आयरलैंड, स्वीडन, पोलैंड और न्यूजीलैंड सहित कुछ अन्य देशों ने इसका बहिष्कार किया है। इन देशों के बहिष्कार के बावजूद 104 देशों के 640 से अधिक मुक्केबाज टूर्नामेंट में मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। इसके स्वर्ण पदक विजेताओं को दो लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। रजत पदक विजेताओं को एक लाख और कांस्य पदक जीतने वाले दोनों खिलाड़ियों को समान रूप से 50,000 डॉलर का इनाम मिलेगा।



**भारतीय टीम:** गोविंद साहनी (48 किग्रा), दीपक भोरिया (51 किग्रा), सचिन सिवाच (54 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), वरिंदर सिंह (60 किग्रा), शिव थापा (63.5 किग्रा), आकाश सांगवान (67 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), सुमित कुंडू (75 किग्रा), आशीष चौधरी (80 किग्रा), हर्ष चौधरी (86 किग्रा), नवीन कुमार (92 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा से अधिक)।

# बेनजेमा ही हैट्रिक से मैड्रिड ने अल्मेरिया को 4-2 से हराया

बार्सीलोना। करीम बेनजेमा की पहले हाफ में बनाई हैट्रिक की मदद से रीयाल मैड्रिड ने शनिवार को यहां स्पेनिश लीग में अल्मेरिया को 4-2 से हरा दिया। अल्मेरिया के खिलाफ इस जीत के साथ मैड्रिड की टीम दूसरे स्थान पर बनी हुई है। बार्सीलोना ने इस बीच नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रीयाल बेटिस को 4-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्षपर 11 अंक की बढ़त बरकरार रखी है। मैड्रिड को अगले सप्ताहांत ओसासुना के खिलाफ कोपा डेल रे का फाइनल खेलना है जबकि इसके तीन दिन बाद नौ मई को चैंपियन्स लीग सेमीफाइनल में मैनचेस्टर सिटी से भिड़ना है। एल्शे ने इस बीच रेयो वालेकानो को 4-0 से हराकर सत्र की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। अंतिम स्थान पर चल रहे एल्शे को रेलीगेशन (निचली लीग में खिसकना) से बचने के लिए अब भी 16 अंक की दरकार है जबकि सिर्फ छह मुकाबले बचे हैं।

# भूमिका चावला ने द कपिल शर्मा शो में

## नहीं बुलाये जाने पर तोड़ी चुप्पी



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमिका चावला को सलमान खान संग हिट मूवी तेरे नाम में देखा गया था. इस फिल्म को दर्शकों ने काफी ज्यादा पसंद किया था. वहीं भूमिका की मासूमियत का हर कोई दीवाना बन गया था. अब 20 साल बाद एक्ट्रेस किसी का भाई किसी की जान फिल्म में दिखाई दी. यहां उन्होंने पूजा हेगड़े की भाभी का रोल निभाया था. अब एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपनी स्ट्रगल और रिजेक्शन जर्नी को लेकर बात की. उन्होंने इसपर भी चुप्पी तोड़ी कि उन्हें द कपिल शर्मा शो में इनवाइट नहीं किया गया, न ही उन्हें ये पता चला कि ये एपिसोड कब शूट हुआ.

भूमिका को द कपिल शर्मा शो में नहीं किया गया इनवाइट आरजे सिद्धार्थ कन्नन के साथ एक इंटरव्यू में, भूमिका चावला ने अपनी लेटेस्ट रिलीज किसी का भाई किसी की जान के प्रमोशन के लिए द कपिल शर्मा शो में आमंत्रित नहीं किए जाने के बारे में बात की. सलमान खान के साथ शहनाज गिल, राघव जुयाल, पलक तिवारी, सिद्धार्थ निगम, पूजा हेगड़े और जस्सी गिल सहित फिल्म के बाकी कलाकार वहां मौजूद थे. अपनी अनुपस्थिति के बारे में बात करते हुए, भूमिका ने कहा, फ्रमुझे पता नहीं था कि इसे कब शूट किया गया था, लेकिन उनके पास कुछ रणनीति रही होगी. मुझे एक सेकंड के लिए बुरा लगा, फिर मुझे लगा कि वेंकटेश सर भी नहीं हैं.

### शो में नहीं बुलाये जाने पर लगा था बुरा

भूमिका ने कहा कि फिल्म में हम एक कपल हैं. मैंने अपना कैलकुलेशन किया. चूंकि उन्हें नहीं बुलाया गया था, मैं अकेले में क्या कहूंगी? उन तीन जोड़ों को बुलाया गया था, वे युवा हैं, उनका समीकरण अलग है, तो, मैंने कहा ठीक है. भूमिका ने कहा कि वह चीजों को लंबे समय तक प्रभावित नहीं होने देती हैं और यह उनके अहंकार के कारण है कि वह लोगों से कोई मदद नहीं मांगती हैं.

रफ्तार ने शो पर साधा था निशाना

उन्होंने कहा, अब जब मैं फिल्म करुंगी तो जरूर पीआर हायर करुंगी और अगर मुझे फिल्म मिलेगी तो मैं आज कपिल शर्मा को कॉल करके बोलूंगी. यह पहली बार नहीं है जब कपिल के शो पर किसी सेलेब्रिटी ने हमला किया हो. रफ्तार ने हाल ही में द कपिल शर्मा शो के शोशेबाजी होने के बारे में भी बात की थी. उन्होंने कहा, असल में, क्या होता है, देखा हमने काम किया, वहां जाकर ये दिखाना होता है कि हम बहुत बड़े हैं. रैपर ने आगे कहा, शोशेबाजी है, जनता के सामने इज्जत बन जाती है, बहुत बड़े लगते हैं, घर पर जब मां बाप देखते हैं, वो कहते हैं वो द कपिल शर्मा शो पे आया था, गली-कूचे में हवा बन जाती है, वरना उसका असली दुनिया में मूल्य कुछ नहीं है. लोग इसके बारे में बात करना शुरू कर देते हैं, हालांकि उस व्यक्ति का कोई वास्तविक मूल्य नहीं है.




# तेजाब के रीमेक में कार्तिक ने रणवीर को किया रिप्लेस?

बॉलीवुड फिल्म तेजाब के रीमेक में रणवीर सिंह और जाह्नवी कपूर की जोड़ी दिखने की न्यूज थी, जिसके बाद खबर आई कि कार्तिक ने रणवीर को रिप्लेस किया। भूल भुलैया 2 एक्टर ने खुद बताई इसकी सच्चाई....

तेजाब के रीमेक में कार्तिक आर्यन ने रणवीर सिंह को किया रिप्लेस? जाह्नवी कपूर संग करेंगे रोमांस! बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन ( अपनी एक्टिंग के साथ ही अपनी दिलकश मुस्कान और बेहतरीन फीमेल फैन फॉलोइंग के लिए भी जाने जाते हैं। कार्तिक आर्यन की फिल्म शहजादा भले ही बॉक्स ऑफिस पर हिट न हुई हो, लेकिन फैन्स को उनके प्रोजेक्ट्स का इंतजार रहता है। इस बीच खबरें सामने आई कि फिल्म तेजाब के रीमेक में कार्तिक आर्यन नजर आएंगे तो एक्टर ने इस पर रिएक्ट किया और इसे फेक न्यूज बता दिया।

### कार्तिक आर्यन ने किया ट्वीट

कार्तिक आर्यन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और वो सिर्फ अपने फोटोज वीडियोज ही शेयर नहीं करते बल्कि साथ ही साथ वो फैन्स के साथ ही इंटेरेक्ट भी करते हैं। वहीं कार्तिक फेक न्यूज को भी देखते ही रोक देते हैं और ऐसा ही कुछ उन्होंने तेजाब के रीमेक की न्यूज के साथ किया। एक एंटरटेनमेंट न्यूज पोर्टल ने दावा किया कि तेजाब के रीमेक में रणवीर सिंह को कार्तिक आर्यन ने रिप्लेस कर दिया है, ऐसे में कार्तिक ने उसे रिट्वीट करते हुए लिखा- ये सही नहीं है।

### क्या हैं तेजाब के रीमेक के डिटेल्स

बता दें कि फिल्म तेजाब, साल 1988 में रिलीज हुई थी, जिस में माधुरी दीक्षित, अनिल कपूर, चंकी पांडे और अनुपम खेर लीड रोल में नजर आए थे। फिल्म का निर्देशन एन चंद्र ने किया था। बीते साल इस फिल्म के रीमेक का ऐलान किया गया था और रिपोर्ट्स के मुताबिक इस में रणवीर सिंह के साथ जाह्नवी कपूर नजर आएंगी। कहा गया था कि इस फिल्म को मॉर्डन टच के साथ बनाया जाएगा।

### कार्तिक आर्यन के प्रोजेक्ट्स...

कार्तिक आर्यन की आखिरी रिलीज फिल्म शहजादा थी, जो बॉक्स ऑफिस पर जादू नहीं दिखा पाई। इस फिल्म के प्रोड्यूसर भी कार्तिक आर्यन थे। वहीं उसके बाद वो लव रंजन की फिल्म तू झूठी मैं मक्कार में कैमियो करते दिखे थे और वो दर्शकों को काफी पसंद आया था। बात उनकी अपकमिंग फिल्मों की करें तो कार्तिक आर्यन के पास सत्यप्रेम की कथा है, जिस में वो कियारा आडवाणी संग नजर आएंगे। यही नहीं इसके बाद कार्तिक आर्यन, आशिकी 3, भूल भुलैया 3 और कैप्टन इंडिया में नजर आएंगे।



# जिया खान की मौत के मामले में फैसला जल्द आएगा

जिया खान ने बॉलीवुड की सिर्फ तीन फिल्मों में ही काम किया था, लेकिन वो बेहद पॉप्युलर थीं। एक्ट्रेस होने के साथ-साथ वो सिंगर भी थीं। उनका जन्म न्यूयॉर्क में हुआ था और लंदन में पढ़ाई की थी। फिल्मों में किस्मत आजमाने के लिए वो मुंबई शिफ्ट हुई थीं। उन्होंने 2007 में डेब्यू किया था। निशब्द, गजनी और हाउसफुल... बॉलीवुड की तीन फिल्मों में नजर आने वाली एक्ट्रेस जिया खान महज 25 साल की थीं, जब 3 जून 2013 को फ्लैट पर उनकी डेडबॉडी मिली थी। उनकी मौत की खबर ने सभी को सन्न कर दिया था। सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें एक्ट्रेस ने आदित्य पंचोली के बेटे सूरज पर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद जिया की मां राबिया खान ने भी कई इल्जाम लगाए। सूरज गिरफ्तार हुए, लेकिन जमानत पर बाहर भी आ गए। पिछले 10 साल से राबिया अपनी बेटी के लिए न्याय की गुहार लगा रही हैं। उन्होंने दर-दर की ठोकरें खाईं। और अब जाकर इस मामले में अंतिम फैसला आने वाला है।

# अपने घर में ये देसी चीजें रखती हैं प्रियंका



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपनी खूबसूरती के साथ- साथ दमदार एक्टिंग के लिए भी जानी जाती हैं। एक्ट्रेस जल्द ही एक्शन पैक्ड स्पाई थ्रिलर हॉलीवुड वेब सीरीज सिटाडेल में रिचर्ड मैडेन के साथ लीड रोल में नजर आएंगी। सीरीज में प्रियंका और रिचर्ड दोनों जासूस की भूमिका में दिखाई देंगे ,जो एक ग्लोबल स्पाई एजेंसी सिटाडेल के लिए काम करते हैं। दरअसल, देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा से एक बातचीत के दौरान पूछा गया कि क्या अभी भी उन्हें भारत ही अपने घर जैसा लगता है या अब वहां विदेश में घर जैसा लगने लगा है इसका बड़ा ही प्यारा जवाब देते हुए उन्होंने कहा अब वहां में घर बसा लिया है। वहां पर मेरे डॉग्स हैं, मेरी फैमिली है, एक छोटा सा स्वर्ग हमने बना लिया है लेकिन घर तो हमेशा इंडिया ही रहेगा। मैंने अपने घर को खुद सजाया है। जैसे हम दोनों के गठबंधन को मैंने दीवार पर लगा कर रखा है, मेरे मंदिर में बड़ी सी शिवजी की मूर्ती है। निक की तरफ से उनके इंफ्लुएंसर भी हमने घर में रखे हैं। बता दें कि प्रियंका चोपड़ा दिल से अभी भी देसी ही हैं। रूसो ब्रदर्स द्वारा निर्देशित वेब सीरीज सिटाडेल के एपिसोड्स 28 अप्रैल को स्ट्रीम किये जाएंगे, जिसे दर्शक अंग्रेजी भाषा के अलावा हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में भी देख सकते हैं।

# होमी के साथ विश्वास की भावना है जो हमेशा बनी रहती है : डिंपल कपाड़िया

अनुभवी एक्ट्रेस डिंपल कपाड़िया ने निर्देशक होमी अदजानिया के साथ सास, बहू और फ्लेमिंगो में काम करने का अपना अनुभव साझा किया। डिंपल ने कहा, होमी के साथ एक विश्वास की भावना है जो हमेशा बनी रहती है और सास, बहू और फ्लेमिंगो के साथ कहानी अपने आप में अनूठी और लीक से हटकर थी। मुझे पहले विश्वास नहीं हुआ, कि यह वह किरदार है जिसे उन्होंने मेरे लिए लिखा था। वह एक महिला सावित्री की भूमिका निभा रही हैं, जो एक कंपनी चलाती है, जिसका इस्तेमाल वह ड्रग बिजनेस को छिपाने के लिए करती है। वह परिवार की सबसे महत्वपूर्ण महिला है, जिसमें उसकी दो बहुओं और एक बेटी सहित चार महिलाएं हैं। डिंपल ने कहा कि उन्होंने पहले कभी इस तरह का किरदार नहीं निभाया है-एक कार्टेल का नेतृत्व करने वाली क्वीनपिन की भूमिका कुछ ऐसी थी जो मैंने पहले कभी नहीं की थी, और मैं इस जटिल भूमिका को पर्दे पर जीवंत करने की चुनौती से उत्साहित थी। निर्देशक के बारे में बोलते हुए, बॉबी एक्ट्रेस ने कहा-होमी उन सबसे सनकी निर्देशकों में से एक हैं, जिनके साथ मैंने काम किया है और वह इस सनकीपन को पात्रों और पटकथा में लाते हैं। उन्हें इस बात का स्पष्ट अंदाजा था कि वह किरदार से क्या चाहते हैं और वह कहानी को कैसे बताना चाहते है। मैं प्रोजेक्ट के प्रति उनके जुनून से प्रभावित हूं। कुल मिलाकर, यह किरदार, कहानी और होमी के साथ काम करने के अवसर का संयोजन था जिसने मुझे शो के लिए हां कहा। मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित, सीरीज का निर्देशन होमी अदजानिया द्वारा किया गया है और आशीष वर्मा, वरुण मित्रा, उदित अरोड़ा, दीपक डोबरियाल और मोनिका डोगरा के साथ डिंपल कपाड़िया, राधिका मदान, अंगिरा धर और ईशा तलवार प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



# राजकुमार संतोषी का छलका दर्द!



फिल्म निर्माता राजकुमार संतोषी की फिल्म गांधी गोडसे - एक युद्ध इसी साल जनवरी में रिलीज हुई थी. हालांकि फिल्म को दर्शकों से उतना अच्छा रिएक्शन नहीं मिला था. इस बीच उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म बैड बॉय को लेकर बात किया. राजकुमार ने बताया कि गांधी गोडसे - एक युद्ध शाहरुख खान की फिल्म पठान के साथ रिलीज करना एक गलती थी. फिल्म के सोलो रिलीज पर राजकुमार से पूछा गया. इसपर उन्होंने कहा कि, गांधी गोडसे - एक युद्ध को पठान के साथ रिलीज करना एक गलती थी. जहां तक बैड बॉय की रिलीज की बात है तो इसकी योजना निर्माता साजिद कुरैशी ने बनाई है. और हां, यह एक अच्छी रिलीज डेट है. गांधी गोडसे - एक युद्ध 26 जनवरी, 2023 को रिलीज हुई थी, जबकि शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की फिल्म पठान 25 जनवरी, 2023 को रिलीज़ हुई थी. ये एक एक्शन से भरपूर फिल्म थी. वहीं, बैड बॉय के बारे में बात करें तो इसमें मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमाशी है. निर्माता साजिद की बेटी अमरीन, नमाशी के अपोजिट है. दोनों को लेकर राजकुमार संतोषी ने कहा, दोनों सेट पर आज्ञाकारी और अनुशासित थे. कुछ समय पहले राजकुमार संतोषी ने अजय देवगन की फिल्म भोला की तारीफ करते हुए कहा था, मैंने अजय देवगन को चार फिल्मों - खाकी, द लीजेंड ऑफ भगत सिंह, हल्ला बोल और लज्जा में निर्देशित किया है. वह एक निर्देशक और बेहतरीन अभिनेता हैं. वह खुद को चरित्र में बदल लेते हैं. वह अपने निर्देशक पर भरोसा करते हैं और हर तरह से जाते हैं. वह अपने सह-अभिनेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए भी समर्थन करते हैं. वह बहुत सुरक्षित अभिनेता हैं.

# ड्रग्स केस में फंसी क्रिसन परेरा को मिली जेल से आजादी



कथित ड्रग्स तस्करी मामले में यूएई जेल में बंद एक्ट्रेस क्रिसन परेरा को चार दीवारी से राहत मिल गई है। एक्ट्रेस को जेल से रिहा कर दिया गया है। परेरा पर एक ट्रॉफी में ड्रग्स छुपाकर लाने का आरोप लगा था। हालांकि, बाद में उनके ऊपर लगे सभी आरोप झूठे निकले और आज उन्हें जेल से मुक्त कर दिया गया। बेटी के जेल से रिहा होते ही उनके परिवार की खुशी वापिस आ गई है। हालांकि, एक्ट्रेस को यूएई से इंडिया आने में 48 घंटों वक्त लगेगा। रिपोर्ट्स की मानें तो 27 साल की क्रिसन ने रिहा होते ही सबसे पहले अपने भाई केविन परेरा से बात की।

केविन ने क्रिसन के साथ बातचीत वाला वीडियो इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया और कैप्शन में लिखा- क्रिसन रिहा हो गई है, वह अगले 48 घंटों में भारत में होंगी। क्रिसन अपने परिवारवालों से बात करते हुए रो रही है। वहीं, उनकी मां उनसे बात करते हुए कह रही है कि तुम रिहा हो गई हो, यह बहुत ही अमेजिंग है। क्रिसन की मां इस मौके पर बेहद खुश नजर आई। बता दें, क्रिसन परेरा को 1 अप्रैल को शारजाह एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था। मुंबई क्राइम ब्रांच को बाद में पता चला कि एक डॉग को लेकर हुए झगड़े के बाद एक्ट्रेस को एक बेकरी मालिक ने बदला लेने के लिए फंसाया था। पुलिस ने बेकरी मालिक एंथोनी पॉल और एक बैंक में असिस्टेंट जनरल मैनेजर राजेश बोभाटे को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने क्रिसन परेरा को फंसाने में एंथनी की मदद की थी। शुरुआती जांच में सामने आया था कि डॉग को लेकर एंथनी की बहन का एक्ट्रेस की मां से झगड़ा हुआ था। दोनों एक ही बिल्डिंग में रहते हैं। पुलिस को संदेह हुआ कि इसी मामले को लेकर एक्ट्रेस को कथित तौर पर ड्रग म्यूल बनाया गया था। एंथोनी ने कथित तौर पर राजेश को एक टैलेंट कंसल्टेंट बनाकर क्रिसन से संपर्क किया और उसे शारजाह में एक वेब सीरीज के ऑडिशन के बारे में बताया। पुलिस ने कहा कि उसने उसे एक ट्रॉफी ले जाने के लिए दी थी, जिसमें उसने ड्रग्स छुपाई थी। इस ट्रॉफी को लेकर क्रिसन को बताया गया कि यह एक ऑडिशन प्रॉप है। इसके बाद एक्ट्रेस को शारजाह में गिरफ्तार कर लिया गया था। काम की बात करें तो क्रिसन परेरा सड़क 2 और बाटला हाउस जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।